वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 109 गुरुवार 17 अगस्त 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का शुभारम्भ

## राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार कर दे रही राहत : मुख्यमंत्री

**1.04 करोड़ से अधिक परिवारों को हर माह मिलेंगे निःशुल्क अन्नपूर्णा किट - दाल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, मिर्च, धनिया, हल्दी फूड पैकेट में शामिल-कोविड में आर्थिक सहायता प्राप्त Non-NFSA परिवारों को भी मिलेगा लाभ**

जयपुर. कासं

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को अधिक से अधिक राहत देने की मंशा के मद्देनजर फैसले कर रही है। इसी क्रम में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राज्य में मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का शुभारम्भ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत राज्य में 1.04 करोड़ से अधिक परिवारों को हर माह निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट का वितरण किया जाएगा। गहलोत मंगलवार को बिड़ला सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के शुभारम्भ कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने लाभार्थियों को फूड पैकेट का वितरण कर योजना का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब को केन्द्र में रखकर फैसले ले रही है, जिसकी देशभर में चर्चा है। राज्य सरकार ने सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार कर आमजन को राहत देने का कार्य किया है। जनहित में लाई गई योजनाएं रेवड़ी ना होकर लोकतांत्रिक सरकार का आमजन के प्रति दायित्व है।

### यह होगा निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट में

प्रदेश में कोई भूखा न सोए के संकल्प को साकार करने की दिशा में पोस मशीन के माध्यम से वितरित किए जाने वाले इस अन्नपूर्णा फूड पैकेट में एक-एक किलो चना दाल, चीनी व आयोडाइज्ड नमक, एक लीटर सोयाबीन रिफाइण्ड खाद्य तेल, 100-100 ग्राम मिर्च पाउडर व धनिया पाउडर तथा 50 ग्राम हल्दी पाउडर निःशुल्क मिलेगा।

### कोविड में आर्थिक सहायता प्राप्त परिवारों को भी मिलेगा निःशुल्क राशन किट

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अधिकतम लाभार्थियों की सीमा निश्चित करने से कई जरूरतमंद परिवार इसके लाभ से वंचित हैं। कोविड के दौरान निराश्रित परिवारों का सर्वे कर लगभग 32 लाख NFSA एवं Non-NFSA परिवारों को 5500 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई थी। उन्होंने कहा कि जिन Non-NFSA परिवारों को कोविड में आर्थिक सहायता दी गई थी, उन्हें भी अन्नपूर्णा राशन किट योजना में निःशुल्क राशन किट उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार से भी आग्रह किया है कि राशन वितरण की अवधि 6-6 माह बढ़ाने के स्थान पर इसे नियमित रूप से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा फूड पैकेट वितरण पर राशन डीलर्स को मिलने वाले कमीशन को 4 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति पैकेट कर दिया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने राज्य में राशन डीलर्स को टेलिस्कोपिक रेट के आधार पर कमीशन देने एवं पोस मशीन के पेटे राशन डीलर्स से कोई शुल्क नहीं लिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योजना के पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने अन्नपूर्णा फूड पैकेट के वितरण के लिए समारोह स्थल के पास बनाई गई अस्थाई उचित मूल्य की दुकानों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना पर आधारित शॉर्ट वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गई।



### महंगाई से मिली राहत, जीवन हुआ सुगम

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने अभिनव पहल करते हुए महंगाई राहत कैम्प लगाकर 10 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को दिया। प्रदेश के 1.84 करोड़ परिवार इन कैम्पों में अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 500 रुपये में गैस सिलेण्डर, 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, मनरेगा योजना में 25 दिवस का अतिरिक्त रोजगार, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 125 दिवस के रोजगार एवं किसानों को 2000 यूनिट तक प्रतिमाह निःशुल्क बिजली जैसी योजनाओं से लोगों का जीवन सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना से 1.04 करोड़ घरों का बिजली बिल शून्य हो गया है। अब राज्य सरकार ने फ्यूल सरचार्ज भी समाप्त कर दिया है, जिस पर होने वाला 2500 करोड़ रुपये का खर्च सरकार वहन करेगी। इन्दिरा रसोई योजना के माध्यम से राज्य सरकार जरूरतमंद लोगों को महज 8 रुपये में ससम्मान भोजन उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नये जिले बनाए गए हैं, जिससे प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य तेज गति से होंगे। राज्य में न्यूनतम आय की गारंटी एवं स्वास्थ्य का अधिकार सम्बन्धी कानून बनाए गए हैं, जो देश में अन्यत्र कहीं नहीं है। गिग वर्कर्स के कल्याण एवं सुरक्षा के लिए भी कानून बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिये जाने की पूरे देश में चर्चा है। प्रदेश में 1 करोड़ लोगों को प्रतिमाह न्यूनतम 1000 रुपये सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। साथ ही, इसमें प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत स्वतः वृद्धि का प्रावधान किया गया है। इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 40 लाख बालिकाओं-महिलाओं को निःशुल्क स्मार्टफोन दिये जाने की शुरूआत हो चुकी है। आगामी 20 अगस्त से शेष 1 करोड़ महिलाओं के लिए पंजीकरण की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि बेहतर वित्तीय प्रबंधन से यह सब संभव हो पाया। उन्होंने कहा कि शान्ति और भाईचारे के माहौल में ही विकास संभव है। प्रदेश में इसके लिए शान्ति और अहिंसा विभाग की स्थापना की गई है, ताकि आमजन में गांधीवादी दर्शन का अधिक से अधिक प्रसार हो सके।

### मिशन 2030 का बनेगा विजन डॉक्यूमेंट

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार 2030 तक राजस्थान को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शुमार करने का विजन लेकर चल रही है। इसमें सभी प्रदेशवासियों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मिशन 2030 को विधिवत रूप से लॉंच कर इसका विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े यह हमारा लक्ष्य है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जहां सरकारी योजनाएं जनहित को ध्यान में रखकर लागू की गई हैं। राज्य सरकार की मंशा आमजन को महंगाई की मार से बचाने की है। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि महंगाई से त्रस्त जनता को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने महंगाई राहत शिविर लगाकर गारंटी कार्ड के माध्यम से 10 जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की गारंटी दी। अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि इस योजना से महंगाई की मार कम होगी। राज्य सरकार गुड गवर्नेंस की मिसाल कायम कर रही है।

# देश को आजाद करवाना महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद आदि का काम था, देश में अमन चैन लाना हमारा कर्म है ": आचार्य सौरभ सागर जी

## प्रताप नगर में जैन श्रद्धालुओं ने निकाली 1 किमी लम्बी तिरंगा यात्रा बैंड-बाजों, जयकारों और वंदे मातराम की हर तरफ दिव्यगुंज







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव देशभर में मनाया गया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री सहित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और राजनेता सहित देश वासियों ने हर्षोल्लास के साथ आजादी का 77 वां अमृत महोत्सव मनाया ।इस कड़ी में प्रताप नगर सेक्टर 8 में चातुर्मास कर रहे जैनाचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में अनूठे अंदाज में जैन श्रद्धालुओं ने भी आजादी के 77 वें अमृत महोत्सव में अपनी उपस्थिति हर्षोल्लास के साथ दर्ज करवाई। इस दौरान जैन श्रद्धालुओं ने शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 8, प्रताप नगर से मुख्य पांडाल स्थल तक करीबन 1 किमी लम्बी तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में शामिल बच्चों, बुजुर्गो, महिला और पुरुष अपने हाथों में ध्वजा लेकर देशभक्ति नारों और जयकारों की दिव्य गूंज और बैंड - बाजों की ध्वनि पर नृत्य करते हुए चल रहे थे वही दूसरी तरफ महिलाओं ने तिरंगा वस्त्र धारण कर यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति का जज्बा दिखाया। प्रताप नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में पूर्व जयपुर शहर भाजपा अध्यक्ष संजय जैन, गौरवाध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद वाले, मुख्य समन्वयक गजेंद्र बड़जात्या, अध्यक्ष कमलेश जैन, मंत्री महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष धर्मचंद जैन, प्रचार संयोजक सुनील साखुनिया, चेतन जैन निमोडिया, महेश सेठी, बाबूलाल जैन इटुंदा, राजेंद्र सोगानी सहित श्री पुष्प वषायोग समिति, प्रताप नगर सेक्टर 8 मंदिर समिति, युवा मंडल, महिला मंडल और मुनि संघ व्यवस्था समिति के सभी पदाधिकारी सपरिवार सम्मिलित हुए। यात्रा जब मुख्य पांडाल स्थल पर पहुंची तो सर्व प्रथम भाजपा नेता संजय जैन द्वारा आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया। जिसके पश्चात चित्र अनावरण, दीप प्रवज्जलन, मंगलाचरण इत्यादि आयोजन होने के पश्चात अंत में आचार्य श्री का संबोधन हुआ। आचार्य सौरभ सागर महाराज ने देश के नाम संदेश संबोधन में कहा कि - भारत एक अध्यात्म प्रधान देश है। अध्यात्म की शिक्षा देने का पूर्ण अधिकार गुरु को व शिक्षक को है। वर्तमान में शिक्षकों का आचरण खो गया है। उनकी महिमा, गरिमा समाप्त हो गई है। वे विद्यार्थी को शिक्षा देने के पूर्व व्यसन सेवन जैसे तम्बाकू, पान, गुटका, बीड़ी, सिगरेट, शराब आदि खाते-पीते है, फिर बालकों को शिक्षा देते है, इसलिए शिक्षा का असर नहीं होता है। नींव कमजोर है, तो मकान भी कमजोर होता है जिस प्रकार विद्यार्थियों की ड्रेस नियुक्त है, उसी प्रकार शिक्षकों की भी ड्रेस नियुक्त होनी चाहिये। शिक्षक अगर आचारहीन होगा, तो विद्यार्थी भी उदद्ंड होगे। आज के ही विद्यार्थी कल के नागरिक है। वे अपने बड़ों का आचरण देखकर अपने भविष्य को बनाते है। आचार्य श्री ने कहा की- भारतीय संस्कृति अहिंसा की संस्कृति है। अहिंसा की संस्कृति मुक्त तो हो गई, लेकिन हम सुखी नहीं हुए क्योंकि हमने अपने जीवन में अनैतिकता, अराजकता को स्वीकार कर लिया है। भारतीय संस्कृति धार्मिक क्षेत्र में जिस प्रकार ज्ञान, दर्शन, चरित्र का संदेश देती है, उसी प्रकार सामाजिक क्षेत्र में अहिंसा प्रेम व भक्ति की शिक्षा देती है। भारतीय संस्कृति हिंसा को निकृष्ट और अहिंसा को उत्कृष्ट मानती है। यहां राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, जीसस ग्रंथो में नही, दिल के विद्यमान है। आचार्य सौरभ सागर ने अपने संबोधन में आगे कहा की - देश भक्त के चरण स्पर्श से मातृभूमि धन्य हो जाती है। देश भक्तों ने अपना सर्वस्व त्यागकर सैकड़ों वर्षों से परतंत्र भारत को स्वतंत्रता दिलाई। उन्होंने अपना खून बहाकर जन साधारण में चेतना जागृत कर नए इतिहास का निर्माण किया, लेकिन आज हम स्वतंत्र नही, स्वच्छन्द हो गए है। देह तो स्वतंत्र है, मन स्वच्छन्द है। देश को स्वतंत्र कराना महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्र शेखर आजाद, लाला लाजपत राय का काम था, पर देश में अमन चैन को लाना हमारा कर्म है। हम स्वतंत्रता का दुरुप्रयोग कर रहे है, यह हमारी स्वच्छन्दता का ही फल है कि आज हम स्कूल, कॉलेजों में आग लगाते है, नेताओ को गाली देते है, शिक्षकों को पीटते है, भारतीय ध्वज में आग लगाते है। हम अपनी अनैतिकता, अराजकता के कारण दुखी है। हमने स्वतंत्रता का सदुपयोग नही, दुरुप्रयोग किया है। भौतिक विकास हुआ है लेकिन आत्म का ह्रास हुआ है। राष्ट्र धर्म का निर्वाह संस्कृति को छोड़कर नहीं, संस्कृति की उपासना करके होना चाहिए। विज्ञान का अंधानुकरण करके संस्कृति का ह्रास नही करना चाहिए। विज्ञान सृजन को नहीं, विध्वंस को स्वीकार करता है।






**संकलन : अभिषेक जैन बिट्टू**

# वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन कार्यालय गंगापुर सिटी पर स्वतंत्रता दिवस मनाया




**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

76वें स्वतंत्रता दिवस की अवसर पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन कार्यालय गंगापुर सिटी में ध्वजारोहण नरेंद्र कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर सहायक मंडल इंजीनियर अनिल कुमार जैन यूनियन के सहायक मंडल मंत्री प्रकाश शर्मा शाखा सचिव हरि प्रसाद मीणा सुधींद्र मिल्की शाखा अध्यक्ष गजानंद शर्मा हरकेश मीणा मुख्य लोको निरीक्षक मुकेश कुमार राजवीर सिंह सूर्य प्रकाश शर्मा मानवेंद्र पाठक वरिष्ठ खंड इंजीनियर सहवाग अख्तर समय सिंह मीणा कमल राम मीणा सीनियर रेलवे संस्थान के सचिव वीरेंद्र कुमार मीणा जूनियर रेलवे संस्थान के सचिव घनश्याम मीणा सहित यूनियन के पदाधिकारीगण रेल कर्मचारी साथी एवं बहुत सारे बच्चे इस दौरान ध्वजारोहण स्थल पर उपस्थित रहे।

# क्या डायबिटीज होने से पहले कोई लक्षण होते हैं जिन्हें नियंत्रित कर के बीमारी को रोका जा सकता है ?

मेरे को (रोगी) पिछले 22 साल से डायबिटीज हैं शुरू में मेरे सिर पर कुछ दाने हुये थे पर एक डॉक्टर ने मुझे कुछ गोलियां दी और दाने सही हो गये मेरे को बहुत थकान होने लगीं ।भूख बहुत जल्दी और ज्यादा लगने लगीं प्यास भी बहुत लगती थीं रात को बार बार पेशाब आता था ।एक बार मेरे पैर में एक चोट लगी कई महीनों तक चोट ठीक नहीं हुई तो मेरे को एक कैमिस्ट ने बोला कि आप शुगर चेक करवा लो ।मैने जब शुगर चेक करवाई तो बहुत ज्यादा निकली बस वही से मेरा शुगर का इलाज चालू हो गया ।मैने बहुत बड़े बड़े नामी डॉक्टरों को दिखाया ,पर दवाई बंद नही की बल्कि सुबह घूमने का आदत डाल ली ।जब किसी को शुगर बीमारी हो जाये तो उसको किसी भी हाल में डॉक्टर द्वारा दी जा रही दवाई कभी बंद नही करनी चाहिए ।ये बीमारी मरते दम तक खत्म नहीं होती। इसलिये कभी किसी भी बहकावे में ना आये ।अपनी दिनचर्या को नियमित करने और खाने पीने की आदतों में परहेज करने की आवश्कता होती हैं। टाइप 2 यानी ज्यादा शुगर के मरीज चीनी और मीठी खाने की चीजों से बचें।



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

# त्रिवेणी नगर के यात्रियों ने अतिशय क्षेत्र गोलाकोट में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया



**जयपुर/गोलाकोट. शाबाश इंडिया**

धर्म नगरी जयपुर से त्रिवेणी नगर जैन समाज के यात्रियों के दल ने यात्रा के तहत मंगलवार को दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र गोलाकोट में शांति धारा व 108 कलशों से अभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की । ततपश्चात स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया ।शैलेन्द्र जैन ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री लादूराम जी लुहाड़िया की पुत्रवधू श्रीमती शकुंतला देवी लुहाड़िया पत्नि स्वर्गीय श्री इंद्रजीत सिंह जी लुहाडिया का जन्मदिन 15 अगस्त सन 1947 को हुआ था आपका जन्मदिन गोलाकोट में बहुत ही धूमधाम से मनाया। जय हिंद जय भारत के नारे लगे व सभी ने स्वतंत्रता दिवस पर एक दूसरे को बधाई दी । ततपश्चात दोपहर में गोलाकोट से रवाना होकर चंदेरी में चौबीसी व थुवनजी अतिशय के दर्शन कर अशोक नगर से रात की ट्रेन से रवाना होकर बुधवार को जयपुर वापस पहुँचे । यात्रा दल में अशोक पापड़ीवाल, महेन्द्र काला, महावीर कासलीवाल, नरेश कासलीवाल, मुकेश रारा, विमल छाबड़ा, सुरेश सेठ, धर्मेन्द्र अजमेरा, कैलाश सौगाणी, नरेन्द्र सेठी, लोकेश जैन, अजय पाण्डया, अभय जैन, विशुतोष चांदवाड, कमल चांदवाड, प्रवीण पाण्डया, सुशील बडजात्या, सुशील जैन लोकेश पापड़ीवाल, अशोक पाटोदी, अशोक अजमेरा, वीरेन्द्र जैन, एस.पी. जैन, वीरेन्द्र पाटनी भी यात्रा दल के साथ थे।

**संकलन : नरेश कासलीवाल**



# वेद ज्ञान

## आंतरिक विकास

आजकल सभी ओर विकास की चर्चा होती रहती है। विकास करने के लिए सभी प्रयत्नशील हैं। पूरा देश विकास चाहता है। सर्वत्र विकास, विकास और विकास करने की ही चर्चा। जब विकास की बात होती है, तब भौतिक रूप से उन्नत जीवनयापन करते लोगों का परिदृश्य सामने आता है। हर एक के जीवन में भौतिक चमक-दमक। किसी के पास भौतिक साधनों का कोई अभाव नहीं। हर साधन उसके पास। भौतिक सोच रखने वाला मनुष्य अब घर से निकलकर कुछ कदम भी पैदल नहीं चलना चाहता। वह चाहता है कि जब घर से निकले तो मोटर कार से ही निकले और वह भी वातानुकूलित कार में बैठकर। उसके पास बड़े से बड़े मकान हों, चाहें इसके लिए अगल-बगल में लगे वातावरण को स्वच्छ करने वाले पेड़ों को ही काटना क्यों न पड़ जाए। आज का मनुष्य अब समाज में सबसे बड़ा दिखना चाहता है। अब किसी से कोई छोटा नहीं दिखना चाहता। सभी ओर होड़ मची है। मनुष्य नहीं देख पा रहा है कि हमें इस संसार में मानव जीवन किस लिए प्राप्त हुआ है। मानव शरीर पाकर हम किस कार्य में लग गए हैं। वह बाहर के प्रपंचमय जगत में आकर्षित होकर उलझ गया है। यहां पर शांत होकर धैर्यपूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। हमें इस दिशा में सोच बढ़ानी होगी कि मानव जीवन मिलने के बाद हम बचपन से जवान होते हैं। जवानी के बाद बुढ़ापा और बुढ़ापे के बाद अंततः मनुष्य का भौतिक शरीर समाप्त हो जाता है। भौतिक शरीर बने रहने के कारण ही सभी मानव इस जगत के सदस्य माने जाते हैं। जब भौतिक शरीर समाप्त हो जाता है, तब फिर हम इस जगत के सदस्य नहीं रह जाते। इस जगह से पूर्ण रूप से नाता टूट जाता है। अब देखना होगा कि शरीर रहते हमने किस विकास को करने का प्रयास किया। भौतिक समृद्धि के लिए गिरते-पड़ते रहे या आत्मोन्नति के लिए भी हम कुछ प्रयत्नशील हुए। हमने अपने आंतरिक विकास के लिए कितनी तेजी दिखाई। आंतरिक विकास के बगैर बाहरी विकास करते रहने से मनुष्य किसी एक स्थान पर जाकर किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि एक निश्चित समय के बाद उसमें से जो रस प्राप्ति की प्रतीति हो रही थी, वह मिलना बंद हो जाती है। तब छटपटाहट बढ़ जाती है।

# संपादकीय

## सर्वोच्च न्यायालय ने कसी नफरत पर नकेल

सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर नफरती भाषणों पर नकेल कसने को लेकर सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी रेखांकित की है। अदालत ने कहा है कि ऐसे भाषणों और अपराधों पर नजर रखने के लिए एक तंत्र बनाया जाए। अदालत ने कहा कि नफरत आधारित अपराध और नफरती बयान पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। करीब वर्ष भर पहले भी सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को नफरती भाषणों पर रोक लगाने का निर्देश देते हुए पुलिस की जिम्मेदारी तय की थी। अभी हरियाणा के नूंह और फिर अन्य क्षेत्रों में फैली हिंसा और नफरती बयानों तथा भाषणों के संदर्भ में दायर अपील पर उसने ताजा टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि पुलिस महानिदेशकों को निर्देश दिया जाएगा कि वे एक ऐसी समिति बनाएं, जो अलग-अलग इलाकों के थाना प्रभारियों से प्राप्त नफरती बयान संबंधी शिकायतों पर गौर करके उनकी सामग्री की जांच करें और पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी करें। हालांकि



यह पहला मौका नहीं है, जब सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस को इस संबंध में चौकस रहने को कहा है। दिल्ली दंगों, विधानसभा चुनावों के दौरान और फिर उत्तराखंड तथा देश के अन्य हिस्सों में आयोजित धर्म संसदों में जब नफरती भाषणों को लेकर गुहार लगाई गई थी, तब भी न्यायालय ने पुलिस की जिम्मेदारी याद दिलाई थी। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह समुदाय विशेष के प्रति नफरत भरे भाषण देकर लोगों में उत्तेजना पैदा करने की कोशिशें तेज हुई हैं और इसके चलते अनेक जगहों पर हिंसा का माहौल बना है, उससे धार्मिक और सामाजिक सौहार्द काफी बिगड़ा है। जबकि संवैधानिक तकाजा है कि किसी भी समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट नहीं की जा सकती, मगर पुलिस ज्यादातर मामलों में हाथ पर हाथ धरे देखी गई है। इसकी बड़ी वजह तो यह है कि ऐसे नफरती भाषण देने वालों में खुद सत्तापक्ष के लोग संलिप्त रहे हैं। स्वाभाविक ही, इससे पुलिस को सख्ती बरतने में हिचक महसूस होती रही है। जिन मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस को सख्त निर्देश दिए, उनमें भी जांच और कार्रवाइयों आदि को लेकर उसका व्यवहार शिथिल ही देखा गया है। ऐसे में कहना मुश्किल है कि न्यायालय के ताजा निर्देश पर पुलिस कितनी निष्पक्षता और सख्ती बरत पाएगी। नूंह की जिस हिंसा के संदर्भ में अपील की गई थी, उसमें सामने आए चित्रों से स्पष्ट है कि पुलिस एक तरह से मूकदर्शक ही बनी रही। पुलिस की शिथिलता और सख्ती से बचने के प्रयास की वजहें स्पष्ट हैं। सरकारों ने उसके हाथ बांध रखे हैं। फिर जहां खुद सत्तापक्ष के नेता भड़काऊ और नफरती बोल बोलते देखे जाते हैं, वहां छुटभैये नेताओं और कार्यकर्ताओं से भला कितने अनुशासन की अपेक्षा की जा सकती है? अब यह भी छिपी बात नहीं है कि राजनीतिक दल अपना जनाधार बढ़ाने के मकसद से उपद्रवी तत्त्वों को उकसाते हैं। यह संकीर्णता केवल किसी समुदाय विशेष के प्रति विष वमन तक सीमित नहीं है। **-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## बेपर्दा पाकिस्तान

पाकिस्तान में अनवार-उल-हक काकड़ को नया कार्यवाहक प्रधानमंत्री चुन लिया गया है, लेकिन इससे पहले शहबाज शरीफ का जो कबूलनामा सामने आया है, वह प्रथम द्दष्टया चौंकाने वाला लगता है। हालांकि यह सिर्फ उन बातों की पुष्टि है, जो पाकिस्तान की सत्ता में वहां की सेना के दखल के बारे में लंबे अरसे से कहा जाता रहा है। फिर भी, शहबाज शरीफ की स्वीकारोक्ति इसलिए अहम मानी जा सकती है कि सरकार के किसी निवर्तमान प्रधानमंत्री ने खुद यह बात कही है। दरअसल, गुरुवार को एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में सरकार सेना के समर्थन के बिना नहीं चल सकती है। जाहिर है, जिस देश में तख्तापलट की आशंका बनी रहती हो, वहां की राजनीति में सेना की भूमिका का अंदाजा लगाया जा सकता है। यों पाकिस्तान में अब तक सरकारों के कामकाज का जो तरीका रहा है, देश के अंदर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के फैसले सामने आते रहे हैं, उनमें सेना का प्रभाव साफतौर पर दिखता रहा है। मगर एक शीर्ष पद की जिम्मेदारी संभालने वाले व्यक्ति ने स्पष्टता से यह कबूल किया है, तो यह चिंता की बात है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में इस साल के अंत तक आम चुनाव कराए जाने की संभावना है। यह देखने की बात होगी कि शहबाज शरीफ का कबूलनामा चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों और जनता के बीच राय बनाने में क्या भूमिका निभाता है। यह छिपी बात नहीं है कि सत्ता से बाहर और विपक्ष का नेता रहते हुए शहबाज शरीफ शासन चलाने के लिए सेना के दखल को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान की आलोचना करते थे। मगर इमरान खान के सत्ता से बाहर होने के बाद जब उन्हें पाकिस्तान की गद्दी संभालने का मौका मिला, तो उन्होंने खुद भी उसी स्थिति को स्वीकार करने से गुरेज नहीं किया। हालांकि इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी सेना से टकराव मोल लिया था। पर सवाल है कि अगर पाकिस्तान में अलग-अलग पार्टियों के बीच सरकार में सेना के दखल को लेकर चिंता है और वे इसे अनुचित मानते हैं, तो इस मसले पर राजनीतिक रूप से कोई ठोस पहल क्यों नहीं होती! दरअसल, दशकों से पाकिस्तान में ऐसे हालात बने हुए हैं कि वहां आम चुनावों के बाद सरकार बनते ही ऐसे आरोप लगने लगते हैं कि सरकार सेना के प्रभाव में काम कर रही है। भारत भी अक्सर यह कहता रहा है कि पाकिस्तान की सरकार के कामकाज और खासतौर पर पड़ोसी देशों के प्रति नीतिगत फैसले वहां की सेना की मर्जी के मुताबिक लिए जाते हैं। मगर जब भी ऐसी बातें सार्वजनिक रूप से कही जाती हैं, तो पाकिस्तान घोषित तौर पर उन्हें खारिज ही करता रहा है। लेकिन आंतरिक या बाह्य मामलों में सरकार के फैसलों और रुख में आए दिन होने वाले उतार-चढ़ाव से साफ पता चलता है कि वहां सरकार किस हद तक स्वतंत्र तरीके से काम कर पाती है। यह बेवजह नहीं है कि अनेक मौकों पर भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद की स्थितियां बनती हैं, संबंधों में सुधार के लिहाज से कुछ सकारात्मक माहौल बनने भी लगता है, लेकिन फिर कुछ दिनों बाद ही पाकिस्तान की ओर से कोई न कोई ऐसा राग छेड़ दिया जाता है, जिससे पटरी पर आती स्थितियां भी बिगड़ जाती हैं।

## लायंस क्लब स्पार्कल ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में झंडारोहण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आज 15 अगस्त को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में लायंस क्लब स्पार्कल द्वारा झंडारोहण किया गया व स्कूल व बस्ती के 120 बच्चों को लड्डू, कॉपी-पैन, बिस्कुट, टॉफी, कुरकुरे आदि वितरित किये गए। उक्त कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन रानी पाटनी, सचिव सुजाता स्वर्णकार, सदस्य नीता गोयल, सुमित्रा गोलिया, सरोज रुंगटा, शैल बाला शाह, व मृदुला उपस्थित रही।

## मूक बधीर एवम विकलांग विद्यार्थियों को स्कूल किट वितरित किए



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

**ब्यावर।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत जैन सोशल ग्रुप सनशाइन, ब्यावर के तत्वावधान में सेवा सप्ताह के तीसरे दिन आजादी के अमृत महोत्सव एवम 76 वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में स्कूल में मूक बधीर एवम विकलांग विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के निर्माण के लिए नेमीचंद दीक्षित रांका परिवार की तरफ से स्कूल किट वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में अध्यक्ष विक्रम सांखला, सहसचिव अमित कवाड़, दीक्षित रांका, रूपेश कोठारी, नरेंद्र सुराना, राहुल बाबेल, विमल कांकरिया, शैलेंद्र जिन्दानी, अमित पीपाड़ा, दीपेश तातेड आदि कई सदस्य उपस्थित थे। रांका परिवार द्वारा बच्चो के भविष्य के निर्माण के लिए किए गए अमूल्य योगदान के लिए सनशाइन परिवार की तरफ से धन्यवाद दिया गया।

# मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, वीरों का चंदन व तिरंगा अभियान का आयोजन किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



कानोडिया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत केन्द्र सरकार का कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, ''वीरों का चंदन'' व ''तिरंगा अभियान'' का आयोजन किया गया। वृहद पौधारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन कर उस जगह को स्वतंत्रता सेनानी श्री श्याम सुन्दर सुरोलिया स्मृति वन का नाम दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र श्रीमाली, पार्षद वार्ड न. 150, नगर निगम ग्रेटर व विशिष्ट अतिथि श्रीमती द्रोपदी सुरोलिया सदस्य कानोडिया कॉलेज प्रबंध समिति एवम प्रमोद जैन भँवर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ आदर्श नगर विधानसभा के संयोजक उपस्थित रहे। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान और श्रद्धांजलि देना था। अतिथियों ने छात्राओं को पेड़ों का महत्व समझाया साथ ही पर्यावरण संबंधी व अन्य समस्याओं के प्रति सचेत करते हुये ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने व जनभागीदारी बढ़ाने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव विमल भाटिया, महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, उप-प्राचार्य (वाणिज्य) डॉ. सुनीता माथुर, उप प्राचार्य (कला) डॉ. मनीषा माथुर, उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल, उप-प्राचार्य ( महाविद्यालय विकास) डॉ रंजुला जैन तथा अन्य प्राध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संजीव सुरोलिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुये छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता, युवाओं को संवेदनशील होकर कर्तव्य निर्वहन व स्वत्रता सेनानियों के बलिदान के बारे में छात्राओं को अवगत कराया साथ ही उन्होंने बताया मेरी माटी मेरा देश' पहल भारत आजादी के 77वे वर्ष को मनाने के लिए एक अभिनव और रचनात्मक दृष्टिकोण है। पार्षद जितेन्द्र माली ने जनभागीदारी के महत्व को बताते हुए एक भारत-श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को पूरा करने की दिशा में युवाओं को प्रोत्साहित किया। हर घर तिरंगा आजादी के अमृत महोत्सव का एक अभियान है, जिसका उद्देश्य लोगों को भारत की आजादी के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराने के लिये प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय ध्वजों का वितरण कर हर घर तिरंगा' अभियान में छात्राओं को भागीदार बनाया। राष्ट्रीय स्वयंसेविकाओं व महाविद्यालय की छात्राओं ने पौधारोपण किया एवं तिरंगे का वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आँचल पुरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



आचार्य विहर्षसागरसागर जी का राष्ट्र के नाम संदेश

# धर्म, समाज, राष्ट्र और संतों की सुरक्षा के लिए एक रहें, संगठित रहें





**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, सोशल ग्रुप फेडरेशन इंदौर रीजन, एवं पंच लश्करी गोठ मोदी जी की नसिया के तत्वावधान एवं राष्ट्र संत विहर्षसागर सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य मे आजादी का महोत्सव मनाया गया। स्वतंत्रता की 77 वीं सालगिरह के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम आचार्य श्री की सन्निधिय में मोदी जी की नसिया परिसर में मुख्य अतिथि शरद जैन, दिगंबर जैन सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, योगेंद्र काला, संदीप पहाड़िया, नीरज मोदी, ने ध्वजारोहण किया, पश्चात मोदी जी की नसिया से राजवाड़े तक आचार्य श्री के साथ तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष एवं छोटे बालक, बालिकाएं विभिन्न वेशभूषा में महात्मा गांधी सुभाष बोस, पंडित नेहरू, महाराणा प्रताप, अहिल्याबाई, झांसी की रानी, आदि का रूप धारण कर हाथों में तिरंगा ध्वज लहराते हुए एवं वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि का उद्घोष करते हुए पैदल चल रहे थे। रैली के राजवाड़ा पहुंचने पर सांसद शंकर ललवानी, विधायक आकाश विजयवर्गीय, एवं आर के रानेका आदि ने राष्ट्रध्वज फहराया। विभिन्न स्कूली बच्चों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गायक मयूर जैन एवं प्रथम जैन ने गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आचार्य श्री विहर्षसागर जी ने राष्ट्र के नाम संदेश देते हुए आजादी के आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों, जैन समाज, महात्मा गांधी भगत सिंग, और सेना के जवानों आदि वीर सपूतों के योगदान एवं जैन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का उल्लेख करते हुए कहां कि राष्ट्र के लिए अपना समर्पण एवं बलिदान देने वाले इन सभी वीर सपूतों के समर्पण से ही हमें आजादी मिली है। हम सब का कर्तव्य है कि राष्ट्र, धर्म, समाज, संस्कृति एवं संतों की सुरक्षा के लिए आपस में न बटें और धर्म संप्रदाय, संत पंथ से परे रहकर एकता के साथ संगठित रहें। आचार्य श्री ने जैन समाज से आव्हान किया कि अपने बच्चों को सरकारी नौकर न बनायें बल्कि बल्कि स्वयं की कंपनी एवं उद्योग व्यापार खोलकर दूसरों को नौकरी देकर राष्ट्र एवं समाज के उत्थान में सहयोग करें। समारोह को मुनि श्री बिजयेश सागर जी, साधु कमल मुनि जी, विधायक विजयवर्गीय जी, पिंटू जोशी ने भी संबोधित करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न सोशल ग्रुप, दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, विभिन्न जैन महिला संगठन के प्रतिनिधि एवं समाज श्रेष्ठि, अमित कासलीवाल, हंसमुख गांधी, टी के वेद, डॉक्टर जैनेंद्र जैन, राजेंद्र सोनी, राजेश जैन दद्दू, प्रदीप बड़जात्या, राजेश गंगवाल, सुनील गोधा पवन पाटोदी, श्रीमती मुक्ता जैन, शीतल पहाड़िया, कल्पना जैन ज्योति जैन प्रिंसिपल टोंग्या, मनोज काला एवं जयदीप जैन आदि गणमान्य उपस्थित थे। संचालन श्रीमती साधना मादावत एवं सतीश जैन ने किया। आभार राजकुमार पाटोदी ने माना।

# निर्बल पशुओं को दिलाएं स्वतन्त्रता : गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी

**गुंशी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी , जिला - टोंक (राज.) के तत्वावधान में भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में शांतिलाल एवं संतोष जैन , जयपुर वालों ने थाट - बाट के साथ श्री 1008 शांतिनाथ महानुष्ठान विधान निर्विघ्न सम्पन्न किया । शांतिप्रभु की वृहद शांतिधारा करने का सौभाग्य महेश मोटूका वालों ने प्राप्त किया । पश्चात स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतमाता को राष्ट्रगान पूर्वक वंदन किया । गुरु मां ने प्रवचन देते हुए कहा कि - भारत देश के प्रति भावना पैदा करने वाला आज का गौरवशाली मूल्य दिन है। भारत का संविधान, आदर्श , राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रगान का आदर करना प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है । माताजी ने कहा कि - महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा के बल पर देश को आजादी दिलाई उसकी प्रेरणा उन्हें जैन संस्कारों से ही मिली थी । उन्होंने जैन मुनि से प्रतिज्ञा की थी कि मैं कभी अपने जीवन में मांस - मदिरा का सेवन नहीं करूंगा । आज स्वतंत्रता दिवस पर मैं उस सरकार से कहती हूं कि जिन बूचड़खानों के कारण निर्बल पशुओं की हत्या कर उनकी स्वतंत्रता छीनी जा रही है उसे कायम रखने का संविधान बनाएं ।



## महला इंटरनेशनल स्कूल, मुरलीपुरा, जयपुर में 77वां स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

15 अगस्त 2023 को, आजादी के 76 वे अमृत महोत्सव समारोह के अंतर्गत महला इंटरनेशनल स्कूल, मुरलीपुरा, जयपुर में 77 वा स्वाधीनता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया इस विशेष दिन स्कूल के प्रथम से लेकर 12 तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत- प्रोत अत्यंत आकर्षक



प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के निवेदन पर, नीरज जैन ने अपने उद्बोधन में 18 वर्ष पूर्ण करने जा रहे विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस विशेष अवसर पर भा. ज. पा महिला मोर्चा, मुरलीपुरा मंडल अध्यक्ष - ममता शर्मा, एडवोकेट मनोज शर्मा, सुरेश चंद जैन, भा. ज.पा. महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष- रेखा जैन, एवं महला इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक महला और अभिभावकों की मौजूदगी रही।

## शहीद श्री हिम्मत सिंह शेखावत उच्च माध्यमिक में अमृत महोत्सव समारोह आयोजित

### शहीद श्री हिम्मत सिंह शेखवात के माता-पिता ने ध्वजारोहण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 15 अगस्त 2023 को, आजादी के 76 वे अमृत महोत्सव समारोह के अंतर्गत शहीद श्री हिम्मत सिंह शेखावत उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुरलीपुरा, जयपुर में 77 वा स्वाधीनता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण स्व.शहीद श्री हिम्मत सिंह शेखवात के माता- पिता के द्वारा किया गया। इस विशेष दिन स्कूल के प्रथम से लेकर 12 तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत- प्रोत प्रस्तुतियाँ दी। कुछ विशेष प्रस्तुतियों को समारोह के विशिष्ट अतिथि नीरज - रेखा जैन की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के निवेदन पर, नीरज जैन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट हेतु, स्कूल में एडवांस कंप्यूटर लेब लगवाने की घोषणा की। इस विशेष अवसर पर भा. ज. पा महिला मोर्चा, मुरलीपुरा मंडल अध्यक्ष - ममता शर्मा, एडवोकेट मनोज शर्मा, सुरेश चंद जैन, भा. ज.पा. महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष- रेखा जैन, पंकज जैन, कशिश जैन, सुनीता रांवका, सतपाल गजराज एवं स्कूल के शिक्षकगण और अभिभावकों की मौजूदगी रही।

# हॉटपिपलिया की दयोदय गौशाला देवास जिले की सर्वोत्तम गौशाला के रूप में हुई सम्मानित



**देवास. शाबाश इंडिया**

पूज्य आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से संचालित दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला हाटपिपलिया एक उन्नत कार्य कर रही है। आजादी के 77 वी वर्षगांठ की पावन बेला पर देवास में हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से एवं प्रेरणा से संचालित दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला हाटपिपलिया को देवास जिले की गौशाला को उत्तम गौशाला एवं उत्तम संचालन के लिए सर्वोत्तम गोशाला के सम्मान से पुरस्कृत किया गया। यह सम्मान देवास जिले के कलेक्टर महोदय ऋषभ गुप्ता एवं प्रभारी मंत्री श्रीमती उषा ठाकुर,जिला अध्यक्ष भाजपा राजीव खंडेलवाल, के कर कमलों से गौशाला के प्रतिनिधियों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर दयोदय गौशाला हाटपिपलिया की और से ओर से प्रतिनिधि के रूप में आनंद टोंग्या, देव कुमार छाबड़ा, महेंद्र गंगवाल, विपिन बांझल, संदीप कांठेड़ मौजूद रहे। गौशाला समिति ने सभी के अथक प्रयासों सहयोग को इसका श्रेय देते हुए कहा कि यह सभी आपके अथक प्रयासों एवं सहयोग के बिना संभव नहीं था। इसीलिए यह बधाई आप सभी को प्रेषित है।

**अभिषेक जैन लुहाडिया**
**रामगंज मंडी की रिपोर्ट**

# एच एम एस कार्यालय पर हर्षोल्लास से मना राष्ट्रीय पर्व-ठेका श्रमिक से करवाया गया ध्वजारोहण



**कोटा. शाबाश इंडिया**

हिन्द मजदूर सभा से संबंद्ध थर्मल ठेकेदार वर्कर्स यूनियन के थर्मल गेट स्थित कार्यालय पर राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। एच एम एस के प्रदेश सचिव एवं यूनियन अध्यक्ष आजाद शेरवानी की अध्यक्षता में थर्मल के सभी ठेका श्रमिकों ने देशप्रेम की भावना से अपना राष्ट्रीय पर्व मनाया। थर्मल के पूर्व ठेका श्रमिक प्यारेलाल से झण्डारोहण करवाया गया। श्रमिक प्यारेलाल ने कुछ वर्षों पहले प्लान्ट में कार्य के दौरान हादसे में अपना एक पैर गँवा दिया था। श्रमिक में देशप्रेम की भावना इस तरह कूट कूट कर भरी हुई हे कि वो प्लान्ट छोड़ने के बाद भी अपनी इस स्थिति में भी परम्परानुसार हर साल ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लेता है। श्रमिक आज भी अपनी ट्राईसाइकिल का उपयोग कर कार्यक्रम में शामिल हुआ। इस अवसर पर शेरवानी ने कहा कि हमें अपने कार्यक्रम में ऐसे देशभक्त मजदूर से ध्वजारोहण करवाकर गर्व महसूस हुआ है। कार्यक्रम में अध्यक्ष आजाद शेरवानी महासचिव बद्रीलाल शर्मा, महावीर शर्मा, क्लेमेंट रोडा, शिवकुमार शर्मा, जगदीश मेहरा, ब्रजेश नामा, भगतसिंह शक्तावत, राजेन्द्र बुनकर, नन्द किशोर महावर, महावीर राठौर, शाकिर हुसैन, बिरधीलाल नागर, पप्पू खान, राजेन्द्र प्रजापत, अनिल मेहरा, सोहनलाल मीणा, चन्दालाल शर्मा, दिनेश नागर, बृजमोहन महावर, जयप्रकाश, अशोक राय, राजकुमार मेहरा, नवल गोस्वामी, प्रदीप मालव,सत्यनारायण आदि पदाधिकारी एवं अनेक सदस्य मौजूद रहे ।

# कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट ने 27 बालिकाओं को शिक्षा के लिए गोद लिया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** हमारे देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर सामोता पब्लिक स्कूल में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित योजना संवारें बचपन के माध्यम से 5 असक्षम बालिकाओं को शिक्षा के लिए गोद लिया और प्रत्येक बालिकाओं को एक-एक हजार के चैक प्रदान किया। इस राशि सहयोग का उद्देश्य है कि इन बालिकाओं की शिक्षा सुचारू रूप से चले और ये बेटियां सक्षम बन कर अपने भविष्य को उज्जवल कर सके। संस्था के सचिव ने कहा कि आयें आप और हम मिलकर थाम ले देश की बेटियों का हाथ और संवारें उनका बचपन संस्था ने पहले से 22 बेटियों को शिक्षा के लिए गोद लिया हुआ है। अब कुल मिलाकर 27 बालिकाएं हो गई है। इस मौके पर हरलाल सामोता, स्कूल प्रिंसिपल संस्था के सचिव सुरेन्द्र शर्मा, रमेश शर्मा, संस्था के सदस्य स्कूल टीचर,व कॉलोनी वासी मौजूद रहे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



## आदिनाथ स्वास्थ्य निधि आश्रम में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति ने आज मोती सिंह भोमियो के रास्ता स्थित आदिनाथ स्वास्थ्य निधि आश्रम में आज स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाया गया। समिति अध्यक्षा डॉक्टर शीला जैन, मंत्री श्री मती पुष्पा सोगानी, कोषाध्यक्ष तरुणा संघी, विद्या कासलीवाल मौजूद रहीं। नीरा लुहाड़िया तथा सुधा वैद्य के साथ उमा , कविता, ममता, इन्द्रा सहित कई सदस्याओं की उपस्थिति रही। झण्डारोहन कर्ता समारोह के मुख्य अतिथि क्रांति कुमार श्रीमती बसंती देवी गंगवाल , नवीन संगीता वैद्य , विनीत श्रीमती पूनम जैन रही। समारोह के मुख्य आकर्षण पार्षद कुसुम यादव , अजय यादव ने सभा को सम्बोधित किया। अंत में पुष्पा सोगानी ने निर्मला मधुकर रचित कविता के साथ सभा का समापन किया।

## 10 बी स्कीम जैन पाठशाला के नन्हे बच्चों ने आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की



### जिसमे जीवन में कुछ नियमों के द्वारा जीवन को सरल, सात्विक और समकित करने का संदेश दिया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान ( राजस्थान प्रांत ) द्वारा श्रमण अमृत महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया। प्रदेश की विभिन्न जैन पाठशालाओं के छोटे छोटे बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और बहुत ही सराहनीय प्रस्तुतियां दीं। इसी क्रम में 10 बी स्कीम जैन पाठशाला के नन्हे बच्चों ने भी अत्यंत सुंदर और आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, जिसके द्वारा उन्होंने अपने जीवन में कुछ नियमों के द्वारा जीवन को सरल, सात्विक और समकित करने का संदेश दिया। इस नृत्य नाटिका में कियारा जैन सुपुत्री नीतू जैन, पनवी जैन सुपुत्री रुचिका जैन, कविशा जैन सुपुत्री मेघा जैन, आरव जैन सुपुत्र रेखा जैन, और पूनम जैन की सुपुत्री अनुश्री जैन एवम सुपुत्र सर्वज्ञ जैन ने भाग लिया। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर 10 बी के अध्यक्ष निहाल जैन अधिवक्ता ,मंत्री जीतेंद्र जैन मंत्री ,संयुक्त एवम प्रचार प्रसार मंत्री जीवन कुमार जैन कोषाध्यक्ष रोशन जैन, अतिन जैन , श्रीमती रेखा जैन द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन कर कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया।

## भारत कि आन बान और शान को अक्षुण बनायें: महासती धर्मप्रभा



सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया

**चैन्नई।** स्वत्रंता को सार्थक करना हमारा कर्तव्य। मंगलवार साहूकार पेठ श्री एस.एस.जैन भवन मे महासती धर्मप्रभा ने सैकड़ो श्रध्दांलूओ को धर्मसभा मे स्वत्रंता दिवस पर बधाई देतें हूए कहा कि मनुष्य दुनिया के किसी भी कोने मे चला जाए लेकिन भारत के जैसा कोई देश नहीं है।अनेकता में एकता भारत में ही देखने को मिलती है किसी ओर देश नहीं मिलने वाली है। देश कि रक्षा करना सभी का कर्तव्य भी है,और धर्म भी है। दुनिया मे भारत ही एक ऐसा देश है जिसने कभी किसी अन्य देश पर आक्रमण नही किया।आज हम स्वतंत्रता दिवस के रूप में मना रहे हैं। यह दिन हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम के महान पर्वकाल में से एक है, जो हमें हमारे पूर्वजों की संघर्षों और बलिदान की हमे याद दिलाता है हमारा देश ऐसे ही आजाद नहीं हुआ न जाने कितने महान वीरो ने देश को आजादी दिलाने के लिए। आजादी के महायज्ञ मे अपने प्राणों की आहूति और बलिदान देकर हमे स्वतंत्रता दिलाई । उन सभी देश भक्त शहीदों के उपकारो न भूले है और ना हि देश का कौई भी नागरिक भूल पायेगा।




# दुर्वा जैन को मिला सर्वश्रेष्ठ ड्रामेटिक अवॉर्ड



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद में 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मोहनबाड़ी जैन समाज की निवासी युवा कलाकार अजय जैन मोहनबाड़ी की पुत्री आठ वर्षीय दुर्वा जैन को समारोह के मुख्य अतिथि न्याधिपति समीर जैन व समाज श्रेष्ठी सुधांशु कासलीवाल एवं शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मानद मन्त्री सुनील बक्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला प्रिंसिपल श्रीमती रेणु गोस्वामी, कमलबाबू जैन द्वारा बेस्ट परफॉर्मेंस इन ड्रामेटिक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। दुर्वा जैन विगत 3 वर्षों से रंगमंच के क्षेत्र से जुड़ी हुई है जिसमे अब तक उसने हाय बुढ़ापा, दो अकेली, महारानी चेलना, जीवन चक्र, चींचीं जैसे नाटकों में अभिनय किया है इसके अतिरिक्त दुर्वा ने फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दकी, राजपाल यादव सी आई डी फेम अभिजीत के साथ फिल्म बोलें चूड़ियां, क्राइम पेट्रोल, तीन वेबसिरिज, सड़क सुरक्षा पर आधारित शॉर्ट फिल्म खिलौना व श्रीमहावीर जी महामस्तकाभिषेक के विज्ञापन फिल्मों में अभिनय किया है।

**संकलन :अजय जैन मोहनबाड़ी**

## जैन सोश्यल ग्रुप प्लेटिनम ने महाकाल मंदिर स्थित गौशाला में मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप प्लेटिनम उदयपुर ने गौ सेवा के स्वतंत्रता दिवस मनाया। संस्थापक अध्यक्ष जितेन्द्र हरकावत ने बताया कि 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में व फेडरेशन सेवा सप्ताह के अंतर्गत सेवा कार्य की कड़ी में ग्रुप द्वारा महाकाल मंदिर परिसर में स्थित गौशाला में 125 गौ माताओ को 125 गुड़ लापसी व हरे चारे का भोग लगा कर स्वतंत्रता दिवस मनाया । ग्रुप अध्यक्ष विपिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम मंगलवार 15 अगस्त प्रातः 10.15 बजे रखा गया जिससे कि विभिन्न संस्थाओं और विद्यालयों में ध्वजारोहण के पश्चात ग्रुप परिवार के सदस्य समय पर पहुँच कर इस पावन दिन पर गौ सेवा का लाभ ले सके। ग्रुप सचिव सुमित खाब्या ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मुकेश चपलोत, आशीष रत्नावत, उपाध्यक्ष तनुजय जैन, सहसचिव लोकेश जैन, कोषाध्यक्ष पंकज जैन, पी.आर.ओ एडमिन हेमेन्द्र जैन, पी.आर.ओ ग्रीटिंग्स हेमन्त सिसोदिया, गीतेश जैन, कल्पेश जैन, पंकज सुराणा राहुल अखावत, आशीष मेहता, नितिन कोठारी, आशीष किकावत, प्रवीण कुर्दिया, दिलीप मेहता, भरत भोरावत, कपिल जैन, गौरव शाह मनीषा जैन, किरण जैन, शीतल जैन, खुशबू सुराणा, पूनम जैन, नीलम जैन, वर्षा मेहता, नीता जैन, सोनल कोठारी, प्रियंका मेहता, खुशबू शाह व बच्चों आदि की उपस्तिथि रही । कार्यक्रम पश्चात महाकाल मंदिर के दर्शन कर महाकाल संचालन मंडल को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।



# जवाहर नगर महावीर साधना केन्द्र पर फहराया तिरंगा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

स्वतंत्रता दिवस की मधुर बेला पर जवाहर नगर महावीर साधना केन्द्र पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम हूआ। इस कार्यक्रम में उम्मेद मूसल ने तिरंगा फहराया साथ ही नितिन दुगड मंत्री एवं उपाध्यक्ष विनोद संचेती ने भी जन गन मन गाकर तिरंगे का अभिनंदन किया। इस अवसर पर जवाहर नगर संघ के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। ध्वजा फहराने के बाद श्री विरक्ता श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा ने मंगलिक सुनाकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।



# आजादी का अमृत महोत्सव: 3100 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकली एक किमी लंबी तिरंगा रैली

## हजारों लोगों ने की रैली में शिरकत

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आजादी के 76वें अमृत महोत्सव पर 15 अगस्त को दोपहर दो बजे सीकर रोड ढेहर के बालाजी स्थित सियाराम बाबा की बगीची से 3100 फीट लंबे तिरंगे के साथ विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। महंत हरिशंकरदास वेदांती के सान्निध्य में तिरंगा रैली सियाराम बाबा की बगीची से प्रारंभ होकर पथ नंबर सात, भौमियां जी का मंदिर, प्रतापनगर चौराहा, माताजी का मंदिर, केडिया पैलेस चौराहा, मुरलीपुरा स्कीम, रोड नंबर दो होते हुए सन एंड मून परिसर पहुंची। इसके




बाद गौसेवी संत प्रकाशदास महाराज ने देशभक्ति भजनों की प्रस्तुतियां दे माहौल को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। तिरंगा रैली का विजय बाड़ी पथ नंबर 7 पर जिंदल परिवार की ओर से भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर दामोदर प्रसाद, नर्मदा देवी, शैलेश, सारिका, कियारा और समायरा उपस्थित रहे। तिरंगा रैली में महिला, पुरुष, बच्चों और बुजुर्गों सहित हजारों लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। रैली में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। रैली का मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। करीब एक किमी लंबी रैली जहां से भी निकली समूचा वातावरण देशप्रेम से सराबोर हो गया।

# अ.भा.दिग.जैन विद्वत्परिषद् की राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



अ.भा.दिग.जैन विद्वत्परिषद् की टोडरमल स्मारक भवन जयपुर में आयोजित आध्यात्मिक शिक्षण शिविर में प्रो. डॉ. वीरसागरजी जैन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी सम्पन्न हुई जिसका विषय- वर्तमान संदर्भ में विद्वत्परिषद् की भूमिका एवं विद्वानों का कर्तव्य था। मुख्य अतिथि जस्टिस एन.के. जैन जयपुर पूर्व मुख्य न्यायाधीश असम एवं अध्यक्ष- मानवाधिकार आयोग मध्यप्रदेश, विशिष्ट अतिथि मिलापचन्द डंडिया जयपुर वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रो.डॉ. ऋषभचन्द फौजदार एकलव्य विश्व विद्यालय दमोह थे। मंगलाचरण पण्डित मोहित जैन ने किया। अतिथियों का स्वागत तिलक एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। संगोष्ठी में सर्वप्रथम राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अखिल बंसल ने विद्वत परिषद् का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। तत्पश्चात राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय जैन दौसा ने विद्वत परिषद् द्वारा शोधात्मक कार्य करने की बात रखी जिसमें पाण्डुलिपि संरक्षण एवं प्रकाशन मुख्य हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पण्डित अभयकुमार जैनदर्शनाचार्य देवलाली ने प्रमुख जैन सिद्धान्तों को विधानों के माध्यम प्रचारित करने संबंधी विचार रखे। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. शुद्धात्म प्रभा टडैया ने जैन पाठशालाओं में महिलाओं को भागीदारी की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तरीय हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के पाठ्यक्रम बनाये हुए हैं। कार्याध्यक्ष डॉ. शान्तिकुमार पाटिल ने प्राचीन संस्था के माध्यम से समाज में निर्विवाद कार्य करने करने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. ऋषभचन्द फौजदार ने वैशाली के विकास एवं संरक्षण की आवश्यकता बताई। इसी प्रकार से सुप्त हो रहे जैन प्राकृत विभागों को सक्रिय करने , पद भरवाने में समाज के सहयोग के लिए आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि मिलापचन्द डंडिया ने विद्वान एवं विद्वत संस्थाओं से निष्पक्ष रहकर जिनवाणी की सेवा करने की अपील की। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एन.के. जैन ने जैन धर्म के प्रचार प्रसार में , जैन पुरातत्व/ इतिहास के संरक्षण एवं विकास में कानूनी पक्ष को रखा जिसके आधार से गतिविधियों को संवैधानिकता एवं गुणावत्ता पूर्ण बनाया जा सके। सभाध्यक्ष प्रो.डा. वीरसागरजी जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विद्वत परिषद् द्वारा किसी की आचोलना किये बिना रचनात्मक कार्य करने की रीति नीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा इससे आत्म कल्याण के साथ प्रचार कार्य को अधिक ऊर्जा के साथ किया जा सकता है। सभी दुःखों से निर्वृत्ति का एक मात्र उपाय अज्ञान को दूर करना है और उसके लिए स्वाध्याय श्रेष्ठ साधन है। विद्वत परिषद् इस कार्य को प्रमुखता से करेगी ऐसा संकल्प व्यक्त किया। मंच पर पण्डित कमलकुमार जैन पिडावा, उपाध्यक्ष पण्डित ऋषभ शाह अहमदाबाद, शिक्षा मंत्री डॉ. प्रवीण जैन शास्त्री ढाई द्वीप इन्दौर , कोषाध्यक्ष पण्डित पीयूष जैन शास्त्री, प्रचार मंत्री आकाश शास्त्री, मीडिया प्रभारी पण्डित अनेकान्त शास्त्री की गौरवमयी उपस्थिति रही। अन्त में आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री डॉ.अरविन्दकुमार जैन ने किया। संगोष्ठी का सफल संयोजन एवं संचालन डॉ. अखिल बंसल द्वारा किया गया।

# जैन मिलन शाखा रुठियाई द्वारा किया गया ध्वजारोहण




**रुठियाई. शाबाश इंडिया**

कस्बे में स्थित जैन मंगलोदय तीर्थ पर जैन मिलन रुठियाई के नवनियुक्त अध्यक्ष वीर अमित जैन सेंकी एवं उनकी नवीन कार्यकारिणी द्वारा 77 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर जैन मिलन के संरक्षक वीर अशोक जैन (शिक्षक) द्वारा झंडा वंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन मिलन मंत्री वीर लोकांत चौधरी द्वारा किया गया।

# खजुराहो में आयोजित हुआ महिला अधिवेशन

## एक मनुष्य का जीवन सिर्फ खुद के लिए नहीं बल्कि सर्व समुदाय लिए होता है : महारानी कविता सिंह




**राजेश जैन रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा**

खजुराहो। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र स्वर्णोदय तीर्थ खजुराहो की पावन धरा पर मातृशक्ति की उपस्थिति में महिला अधिवेशन का आयोजन किया गया , जिसमें खजुराहो सहित कई दूर - दराज नगर व शहरों से आईं मातृशक्ति के द्वारा इस अधिवेशन में भाग लेकर अपने-अपने विचारों से सभी को अभिभूत किया । खजुराहो की पुण्य धरा में संतशिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज की शिष्या आर्यिका श्री तपोमति माताजी ससंघ तथा आर्यिका श्री गुणमति माताजी ससंघ के सानिध्य में 77 वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सुबह भगवान शांतिनाथ स्वामी के अभिषेक उपराँत उन लाखों करोड़ों शहीदों जिसमें मनुष्य के साथ साथ लाखों की संख्या में पशुओं ने भी देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी उनको याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु शांतिधारा तथा शान्ति विधान किया गया, तदुपरांत पूज्य आर्यिकाश्री ससंघ के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया।




# श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर मालवीय नगर में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर ,सेक्टर 10, मालवीय नगर, जयपुर में आचार्य श्री विधासागर जी महाराज की प्रेरणा व आशीर्वाद से भारत को भारत ही बोलो इंडिया नही की भावना के साथ स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया । जिसमे महिला मंडल , बच्चो, व्यवस्था समिति ,कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां महिला मंडल व बच्चो द्वारा दी गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरक चंद जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम कुमार पांड्या, व, जवाहर सर्कल थाना प्रभारी अरविंद चारण ने झंडारोहण व वृक्षारोपण किया। विजय कासलीवाल, रामपाल जैन, कल्पना बैद, नीरज लुहाड़िया, विमलेश राणा, लोकेश पांड्या, पवन जैन, कोणार्क काला, पीयूष , मनीष पाटोदी व समाज के लोग उपस्थित रहे।



# महिला जागृति संघ द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महिला जागृति संघ की सदस्याओ द्वारा बडे दीवान जी के मन्दिर प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस मनाया। समारोह में श्रीमती विमला गोधा द्वारा झंडा फहराया गया व इस अवसर पर देश भक्ति गायन व नृत्य की प्रस्तुति सदस्याओ द्वारा दी गयी। इस अवसर पर राजेन्द्र शर्मा , ईश्वर का सम्मान श्रीमती शशी जैन ,सरोज जैन, शारदा सोनी , साधना काला, निर्मला ,रुबी द्वारा किया गया ।



## जीवन में क्वांटिटी नहीं क्वालिटी लाओ: गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी

**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**



श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी जिला-टोंक (राज.) में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में श्री शांतिनाथ विधान करने का सौभाग्य ज्ञानचंद केकड़ी वालों ने प्राप्त किया । चौमूंबाग सांगानेर की समाज ने गुरु माँ की आहार चर्या कराने का सौभाग्य पाया। गुरु भक्त वरुण वहरमपुर वालों ने गुरु माँ का वात्सल्य भरा आशीर्वाद पाकर स्वयं को गौरवान्वित किया । श्रद्धालुओं को संबोधन देते हुए गुरू माँ ने कहा कि - जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त करने का प्रयास करो। सन्यासी हो या संसारी जो भी अपने अपने क्षेत्र में ऊंचाईयां प्राप्त करें । काम करने का सलीका और तरीका बेहद संजीदा होना चाहिए ।जीवन में उत्थान को पाना है , तो अपने जीवन में क्वांटिटी नहीं क़्वालिटी होनी चाहिये ।

## बंधन समूह की बिक्री एवम प्रदर्शनी 18 व 19 को मालवीय नगर में

### विधायक कालीचरण सर्राफ ने किया पोस्टर का विमोचन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बंधन समूह द्वारा महिलाओ द्वारा महिलाओ के उत्थान एवम स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दिनांक 18 एवम 19 अगस्त 2023 को राखी के त्यौहार से संबंधित उत्पादों की बिक्री एवम प्रदर्शनी मालवीय नगर के सेक्टर 3 स्थित सत्कार शापिंग सेंटर के नजदीक श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में लगाई जायेगी ।प्रदर्शनी के पोस्टर का विमोचन जयपुर शहर के मालविया नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कालीचरण सर्राफ द्वारा किया गया। बंधन ग्रुप द्वारा यह प्रदर्शनी दिनांक 18 एवम 19 अगस्त को दिगंबर जैन मंदिर,सेक्टर 3, मालविया नगर जयपुर में आयोजित की जा रही है।विधायक काली चरण सर्राफ ने इस प्रदर्शनी के आयोजकों को प्रदर्शनी की सफलता की अग्रिम बधाई एवम शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विधायक काली चरण सर्राफ ने महिलाओ एवम पुरुषो को आव्हान किया की इस प्रदर्शनी में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर महिलाओ एवम आयोजकों का उत्साह वर्धन करे।

# धर्म जागृति संस्थान शाखा कामा को मिला श्रेष्ठ कार्यों का पुरस्कार

## जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया सम्मान



**कामा/जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत द्वारा 77 वे स्वतंत्रता दिवस पर संयम श्रमण महोत्सव 2023 का आयोजन दिगंबर जैन आचार्य वसुनंदी महाराज के शिष्य मुनि सवानंद महाराज मुनि जिनानंद महाराज, मुनि पुण्यानंद महाराज के सानिध्य में मीरा मार्ग मानसरोवर स्थित आदिनाथ भवन में किया गया जहां धर्म जागृति संस्थान कामां को श्रेष्ठ कार्यों हेतु प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। धर्म जागृति संस्थान से प्राप्त सूचना के अनुसार राजस्थान की सभी शाखाओं में वर्ष 2022-23 में किए गए कार्यों के कारण कामां शाखा को द्वितीय स्थान पर चयन किया गया। जिसकी घोषणा अतिशय क्षेत्र महावीर जी में आचार्य वसुनंदी महाराज के सानिध्य में की गई तो उसका पुरस्कार धर्म जागृति संस्थान राजस्थान के अध्यक्ष पदम चंद जैन बिलाला, महामंत्री सुनील पहाड़िया, कोषाध्यक्ष पंकज जैन लुहाडिया, कार्याध्यक्ष अनिल जैन पूर्व आईपीएस व अन्य पदाधिकारियों द्वारा संजय जैन सर्राफ एवं संजय जैन बड़जात्या को प्रदान किया गया। इन अवसर पर कामां शाखा के अध्यक्ष ने कहा कि कार्य का सम्मान पाकर बड़ी प्रसन्नता होती है। इस अवसर पर जैन पाठशाला कामां की ओर से सामूहिक नृत्य में नमन जैन व सक्षम जैन द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई, तो महिला शाखा से रजनी जैन, मनीषा सर्राफ,संजना बड़जात्या, नीरू जैन,सलोनी जैन,मीरा जैन, अंजू जैन उपस्थित रही।

# वीर सेवक मंडल के चुनाव में महेश काला अध्यक्ष, भानु छाबड़ा मंत्री, राकेश छाबड़ा कोषाध्यक्ष पुन: निर्वाचित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री वीर सेवक मण्डल, जयपुर के वर्ष 2023-24 के लिए महेश काला अध्यक्ष, प्रदीप गोधा उपाध्यक्ष, भानु छाबडा मंत्री, सुरेश भौंच संयुक्त मंत्री, राकेश छाबड़ा कोषाध्यक्ष एवं शरद बाकलीवाल स्टोर इंचार्ज निर्विरोध निर्वाचित हुये। साथ ही कार्यकारिणी समिति ने सर्व सम्मति से योगेश टोडरका, प्रकाश गंगवाल, मितेश ठोलिया एवं कान्ती चन्द्र नृपत्या को कार्यकारिणी सदस्य हेतु मनोनित किया।

# डॉ.कांता मीना व मोहर सिंह शिक्षा व साहित्य श्रेणी में बीकानेर नगर निगम द्वारा सम्मानित



**बीकानेर/जयपुर. शाबाश इंडिया।** 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीकानेर नगर निगम द्वारा विभिन्न श्रेणियों में विभूतियों का जिला स्तर पर सम्मान किया जाता है। शिक्षा व साहित्य की श्रेणी में शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना व सामाजिक व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए मोहर सिंह मीना सलावद का नगर निगम आयुक्त आर ए एस केसर लाल मीणा, उप आयुक्त आर ए एस राजेंद्र कुमार,महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित,उपमहापौर राजेंद्र पंवार व पार्षद सुमन छाजेड़ द्वारा स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर जैन मिलन द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन



**मनीष विद्यार्थी. शाबाश इंडिया**

**सागर।** जैन मिलन मकरोनिया द्वारा तिरंगा यात्रा एवं ध्वजारोहण के बाद वृक्षारोपण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन वीर सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन मकरोनिया एवं अति वीर कपिल मलैया राष्ट्रीय संयोजक भारतीय जैन मिलन संस्थापक अध्यक्ष विचार संस्था के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । जिसमें सैकड़ो की संख्या में वीर, वीरांगनाओं ने भाग लिया। मकरोनिया क्षेत्र के कई स्थानों पर तिरंगा यात्रा रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। जैन मिलन मकरोनिया, अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के द्वारा संयुक्त रूप से, तीर्थ क्षेत्र तपोवन सिदगुवां एवं फास्ट आईएएस अकादमी दीनदयाल कॉलोनी सागर में वीर सुरेश जैन अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारीयों, सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद वृक्षारोपण एवं वृक्षारोपण हेतु पौधों का वितरण किया गया। प्रेस विज्ञप्ति में प्रचारमंत्री मनीष विद्यार्थी शाहगढ़ ने बताया कि कार्यक्रम के बाद फास्ट आईएएस अकादमी सागर के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें देशभक्ति गीत एवं नाटक की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम में जैन महापुरुषों के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किये, जिन्हें उपस्थित सदस्यों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा कर बहुत ही सराहा गया। संस्कृत कार्यक्रम के बाद सभी प्रतिभागी बच्चों एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले सदस्यों एवं गणमान्य व्यक्तियों को माला , स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान अतिवीर नेमचंद जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा सभी को सम्मानित किया गया इसके बाट मासिक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेमीचंद जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सभी ने अपने विचार व्यक्त किये ।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा समन्वयता के साथ आपसी मतभेद भूल कर जैन मिलन हित में कार्य करने की सलाह दी इस अवसर पर अति वीर नेमचंद जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के अलावा अति वीर महेश जैन राष्ट्रीय संयोजक, वीर डालचंद जैन राष्ट्रीय सदस्य, वीर गुलझारीलाल जैन राष्ट्रीय सदस्य, वीर सुरेश जैन अध्यक्ष, वीर हेमचंद्र जैन कार्यकारी अध्यक्ष, वीर अजीत जैन बैंक कार्यकारी अध्यक्ष, वीर रविंद्र जैन मंत्री, वीर राजेश जैन प्राचार्य कोषाध्यक्ष, वीर आलोक जैन मार्गदर्शक, वीर वीरेंद्र जैन प्रधान मार्गदर्शक ,वीर प्रकाश जैन मोदी मार्बल संगठन मंत्री, वीर निशिकांत सिंघई प्रचार मंत्री ,वीर मनीष विद्यार्थी प्रचार मंत्री, वीर प्रदीप सिंघई कार्यकारिणी सदस्य, वीर अरुण जैन कार्यकारिणी सदस्य, वीर आनंद जैन कार्यकारिणी सदस्य कार्यकारिणी सदस्य एवं ऋषभ जैन मेडिकल वरिष्ठ उपाध्यक्ष मौजूद थे।

श्रमण संयम महोत्सव 2023

# 30 पाठशालाओं के 600 संस्कारवान बच्चों ने राष्ट्र-धर्म के प्रति भक्ति से रचा इतिहास

# पाठशालाएँ संस्कारित समाज का भविष्य व शिक्षक भविष्य निर्माता- मुनिश्री ज़िनानन्द जी

## नृत्य में प्रथम-दुर्गापुरा व गायन में जनकपुरी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान द्वारा 15 अगस्त को आजादी का श्रमण संयम महोत्सव 2023 आदिनाथ भवन मीरा मार्ग जयपुर में संस्थान के प्रेरक प पू आचार्य वसुनंदी जी महाराज के आशीर्वाद , त्रय मुनि सर्वानन्द मुनि ,जिनानंद व मुनि पुण्या नन्द के पावन सानिध्य में मीरा मार्ग मन्दिर समिति व विद्या वसु चातुर्मास समिति के सहयोग व श्रमण संस्कृति संस्थान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया की संस्कारो की जनक जैन पाठशालाओं के राष्ट्र के रंग - धर्म के संगह्र श्रमण अमृत महोत्सव 2023 के मुख्य अतिथि समाज श्रेष्ठी नन्दकिशोर प्रमोद पहाड़िया झण्डारोहण कर्ता कैलाश चंद माणक चन्द रमेश ठोलिया व पाद प्रक्षालन कर्ता पन्नालाल ऋषब सेठी रहे।

## तीस जैन पाठशालाओं के छात्र छात्राओं ने बांधा समा

जैन पाठशालाओं के प्रथम सामूहिक महोत्सव में तीस पाठशालाओं के 600 से भी अधिक छात्र छात्राओं व शिक्षक- शिक्षिकाओं की सहभागिता ने इतिहास रच दिया।राष्ट्र भक्ति को धर्म के साथ जोड़कर मनोरम प्रस्तुति देकर वातावरण को देश भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र गान व समापन श्रमण राष्ट्र गान के साथ हुआ।महामंत्री सुनील पहाड़िया व कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया के अनुसार कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एन के सेठी , देव प्रकाश खंडाका , प. शीतल चन्द्र शास्त्री , सुधांशु कासलीवाल , उमराव मल सांघी तथा शीला ड्योडा के अलावा डा जयकुमार , सुरेश कासलीवाल , सुशील पहाड़िया , राजेंद्र सेठी ,मनीष बैद ,प्रदीप लाला ,विनोद कोटखावदा ,भारतभूषण जैन ,रचना बैद ,अनिल छाबड़ा ,महेश चाँदवाड , प्रेम छाबड़ा ,दर्शन बाकलीवाल , परमात्म भारिल्ल, वन्दना जैन , शालिनी जैन , विनीता बोहरा , हरक चंद , भागचंद मित्रपुरा , कमल दीवान , राजेंद्र पापड़ीवाल , सुरेश शाह , राजेंद्र ठोलिया , सोभाग अजमेरा , ताराचंद गोधा , महेश काला, सुरेंद्र काला, मंजु छाबड़ा, राजेंद्र काला आदि की उपस्थिति रही।














## सामूहिक नृत्य में दुर्गापुरा व गायन में जनकपुरी रही प्रथम

संस्थान के कार्याध्यक्ष अनिल जैन पूर्व आईपीएस व संयुक्त महामंत्री संजय जैन बडजात्या कामां के अनुसार निर्णायकों ने सामूहिक नृत्य/नाटिका प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गापुरा, द्वितीय वरुण पथ, तृतीय अम्बिका कालोनी सांगानेर तथा गायन प्रतियोगिता में प्रथम जनकपुरी-ज्योति नगर , द्वितीय महावीर स्कूल सी स्कीम एवम्‌ कीर्ति नगर पाठशाला को विशेष विजेता घोषित किया । इनके अलावा बॉस्टन अमेरिका व कामा से आये छात्रों तथा मीरा मार्ग, थडी मार्केट ,बालिका छात्रावास , संस्कृत कॉलेज , की प्रस्तुतियों को भी पांडाल में उपस्थित दर्शकों द्वारा तिरंगे झण्डे लहराकर खूब सराहा गया। सभी सहभागीयों, पाठशालाओं, विद्यार्थियों व शिक्षकों को धर्म जागृति संस्थान ने उपहार देकर सम्मानित किया।

## पाठशालाएँ संस्कारित समाज का भविष्य व शिक्षक भविष्य निर्माता- मुनिश्री ज़िनानन्द जी

मीरा मार्ग समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व राजेंद्र सेठी के अनुसार मुनिश्री ज़िना नन्द जी ने अपने संक्षिप्त आशीर्वचन में धर्म जागृति संस्थान राजस्थान को पाठशालाओं के ऐसे आयोजन के लिये व बच्चों व शिक्षकों को सहभागिता व शिक्षाप्रद् सुन्दर प्रस्तुतियों के लिए अंतः मन से आशीर्वाद देते हुए कहा की पाठशालाएँ संस्कारित समाज का भविष्य व शिक्षक भविष्य निर्माता है ।कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने मीरा मार्ग मन्दिर समिति, चातुर्मास समिति व श्रमण संस्कृति संस्थान को साधुवाद देते हुए सभी सम्माननीय अतिथि गण, पाठशालाओं, शिक्षकों , बालक बालिकाओं, आमंत्रित आगंतुकों, सहयोगियों, कार्यकर्ताओं, तीनो निर्णायकों , संगीतकारों , के अलावा व्यवस्थित व कुशल मंच संचालन के लिए इंद्रा बडजात्या , संजय जैन बडजात्या कामां व मनीष बैद का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

# पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं, सहजता से निःशुल्क उपलब्ध होंगे चिकित्सा उपकरण :शांतिलाल जैन



## गुरू वेणी यश सिद्ध विमल चिकित्सा उपकरण बैंक की विधिवत शुरूआत

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** असहाय पीड़ित मानवता की सेवा में सहयोग के लक्ष्य से श्री यश सिद्ध स्वाध्याय भवन के तत्वावधान में श्री वेणी सिद्ध सेवा संस्थान के सहयोग से स्थापित गुरू वेणी यश सिद्ध विमल चिकित्सा उपकरण बैंक की विधिवत शुरूआत हो गई है। इसके माध्यम से वॉकर से लेकर व्हील चेयर एवं बीपी मशीन से लेकर वुडन स्टिक जैसे चिकित्सा उपकरण आम जरूरतमंद को अमानत राशि के आधार पर सहजता से उपलब्ध होंगे। उन्हें इनके लिए इधर-उधर भटकने या महंगे दामों पर बाजार से खरीदने की जरूरत नहीं रहेगी। चिकित्सा उपकरण बैंक की विधिवत शुरूआत सांगानेर रोड स्थित यश सिद्ध स्वाध्याय भवन में आयोजित समारोह में हुई। इसके मुख्य अतिथि सूरत के दानवीर समाजसेवी शांतिलाल नाहर थे जबकि अध्यक्षता समाजसेवी हेमंत आंचलिया ने की। शांति भवन श्रीसंघ के मंत्री राजेन्द्र सुराणा के मंगलाचरण के साथ शुरू इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय लोक अदालत सेशन न्यायालय भीलवाड़ा के सदस्य शांतिलाल जैन, स्थायी लोक अदालत सदस्य गोवर्धनसिंह कावड़िया, शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़, सूरत निवासी भामाशाह भरत बम्बोरी, भामाशाह रोशन चौधरी, जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा गोखरू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाड़जी मेहता, प्रान्तीय अध्यक्ष श्रीमती नीता बाबेल, महावीर इंटरनेशनल के महामंत्री सुशील चपलोत (सुवाणा) थे। आयोजन में सूरत श्रीसंघ के करीब 40 श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। अतिथियों ने नवकार मंत्र जाप एवं परम पूज्य गुरुणी मैया सिद्ध कंवरजी म.सा. द्वारा रचित प्रार्थना ह्रद्य उठ जाग मेरे चैतन्य प्रभु तू अजर अमर अविनाशी है, मृत्यु का भय तू क्यों खाता है तू शाश्वत घर का बासी है के साथ चिकित्सा उपकरण बैंक का विधिवत आगाज किया। शुरूआत तीन जरूरतमंद व्यक्तियों को बैड, स्टिक व व्हीलचेयर देकर की गई। यश सिद्ध सेवा संस्थान के मंत्री मुकेश डांगी ने गुरू वेणी यश सिद्ध विमल चिकित्सा उपकरण बैंक के स्थापना के उद्देश्य व इसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के मिशन में सहभागिता की भावना से दानदाताओं के सहयोग से इस चिकित्सा उपकरण बैंक का संचालन किया जाएगा। चिकित्सा उपकरण बैंक स्थापना का मंतव्य प्रकट करते ही सहयोग के लिए दानदाताओं एवं भामाशाहों के हाथ खुलकर आगे बढ़ रहे है। उन्होंने बताया कि अब तक चिकित्सा उपकरण बैंक के लिए डांगी परिवार द्वारा ऑक्सीजन मशीन, जगमोहन चौधरी की तरफ से ऑक्सीजन कंसट्रेटर मशीन, मेहता परिवार द्वारा व्हील चेयर, सुराणा परिवार द्वारा सेमी फोल्डिंग बैड, भैरूलाल गांग द्वारा एक बैड व सुशील चौधरी द्वारा कमोड चेयर प्रदान करने की घोषणा की गई है। डांगी ने कहा कि भामाशाहों का सहयोग निरन्तर मिलता रहा तो थैरेपी मशीन की खरीद कर महीने में एक बार निःशुल्क जांच शिविर भी लगाने की भावना संस्थान की है। कार्यक्रम संचालक वरिष्ठ स्वाध्यायी भूपेन्द्र पगारिया ने कहा कि पूज्य गुरुवर और गुरुणी मैया की प्रेरणा ओर आशीर्वाद से शुरू सेवा का यह कार्य समाजसेवियों एवं भामाशाहों के सहयोग से सफलता प्राप्त करेंगा इसका पूरा विश्वास है।

## अतिथियों ने बताया मानव सेवा की प्रेरणादायी पहल

समारोह में मुख्य अतिथि शांतिलाल जैन ने कहा कि पीड़ित व असहाय मानव की सेवा भावना से श्री यश सिद्ध स्वाध्याय भवन ने यह कार्य करके सम्पूर्ण देश व राजस्थान में संस्थान का नाम गौरान्वित किया है। इस तरह के कार्य अन्य संस्थाओं व आमजन को भी मानव सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करते है। जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा गोखरू ने कहा कि मानव सेवा के इस तरह के कार्य अनुमोदनीय एवं प्रेरणादायी है। जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा की राजस्थान अध्यक्ष श्रीमती नीता बाबेल ने कहा कि गुरु और गुरुणी मैया के नाम से किए जाने वाले कार्य कभी निष्फल नहीं हो सकते। जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाड़जी मेहता ने चिकित्सा उपकरण बैंक शुरूआत पर मंगलकामना व शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि मानव सेवा का यह कार्य श्री यश सिद्ध स्वाध्याय संस्थान की गरिमा को बढ़ाने वाला है। समाजसेवी सुशील चपलोत ने कहा कि वर्तमान समय में हर परिवार को इस तरह के चिकित्सकीय उपकरणों की जरूरत रहती है।

# मां और मातृभूमि की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है : साध्वी प्रितीसुधा



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

अनेकता मे एकता यही है हमारे भारत कि विशेषता बुधवार को अहिंसा भवन शास्त्री नगर में डॉ.प्रितीसुधा ने स्वाधीनता दिवस पर आयोजित धर्मसभा मे श्रध्दालूओ को आजादी कि वर्ष गांठ पर बधाई देते हुए कहा कि संसार मे माँ और मातृभूमि से बढ़कर कोई दुसरी सेवा नही हो सकती है। राष्ट्रधर्म का निर्वाह करना हमारा परम कर्तव्य भी है और धर्म भी । आज का दिवस उन महान वीरों को याद करने दिन जिन्होंने देश को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर हमें एक स्वतंत्र देश का उपहार दिया। स्वतंत्रता दिवस पर, सभी को सकल्प लेना चाहिए कि देश की प्रगति, समृद्धि, और एकता में योगदान करेंगे और आपसी सद्भावना और समरसता की दिशा में भारत माता कि आन बान शान को अक्षुण बनाये रखेगे तभी हमारा देश तरकी करके आत्म निर्भर बनें। इस दौरान अहिंसा भवन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बाबेल, अशोक पोखरना,हेमन्त आंचलिया, ओमप्रकाश सिसोदिया,हिम्मत सिंह बाफना और महिला मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल मंजू पोखरना, रजनी सिंघवी आदि और सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति मे स्वतंत्र दिवस पर अहिंसा भवन शास्त्री नगर मे झंडा फहराया और शहीदों को नमन करते हुए सभी को आजादी की बधाई दी। प्रवक्ता निलिष्का जैन ने बताया कि गुरूवार को साध्वी प्रितीसुधा के सानिध्य मे श्रमण संघ दित्तीय आचार्य आनन्द ऋषि जी म.,सा कि जन्म जयंती आयंबिल और गुणगान के साथ अहिंसा भवन मे मनाई जायेगी।

**प्रवक्ता निलिष्का जैन, भीलवाड़ा**

# रविंद्र मंच की 60 वीं वर्षगांठ पर देशभक्ति के तराने गुंजे

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रविन्द मंच की 60 वी वर्षगाँठ हिरक जयंती उत्सव मे देश के विख्यात गजल गायक मौहम्मद वकील ने देशभक्ति व गजलों की प्रस्तुतियां से आजादी की 77वीं वर्षगांठ पर देश भक्ति का जज्बा जगाया। हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए , भारत हम को जान से प्यारा है, वतन पे जो फिदा होगा, दीवार उठना तो हर युग की सियासत, हे सुफी मे आया तेरे दर पर दीवाना, छाप तिलक सब छीनी, दमां दम मस्त कलंदर, गजल वो चांदनी सा बदन, जेसी गजलों व देश भक्ति गीतो की शानदार प्रस्तुति से दर्शको की खूब वहा वाही लूटी। इस कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति मौहम्मद वकील के युवा पुत्रो की जोड़ी मौहम्मद नजमुल व मौहम्मद अजमल ने देशभक्ति गीत तेरी मिट्टी मे मिल जावा व चक दे इंडिया जेसे गीतो से दर्शको को अपने गायन प्रतिभा से प्रभावित किया। वकील के साथ वायलिन पर गुलजार हुसैन, किबोर्ड पर रेहबर हुसैन, तबले पर नरेन्द्र सिंह, ओकटोपेड पर फरीद दीवाना व ढोलक पर सरफराज वारसी ने शानदार संगत की। शो के एंकर प्रणय भारद्वाज जी थे। मौहम्मद वकील को अभी हाल ही में इंडियन एम्बेसी बिर्मिंघम (यू के ) मे सम्मानित किया गया। साथ ही मस्कट ओमान मे प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजा गया है।




# रॉयल ब्यावर ने धूप और बारिश से बचाव के लिए बांटे कैनोपी




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। महावीर इन्टरनेशल रॉयल द्वारा ब्यावर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धूप एवं बारिश से बचाव हेतु शहर के विभिन्न क्षेत्र में छाता (कैनोपी) का वितरण किया गया। कमल जालोरी और संदीप खींचा ने बताया कि बिजयनगर ब्यावर जोन द्वारा प्राप्त छाता एवं संस्था सदस्यों द्वारा स्पॉन्सर छाता का वितरण किया गया। संस्था सदस्य राजेश सुराणा , बाबुलाल आच्छा एवं श्रेणिक बिनायकिया द्वारा कैनोपी को स्पांसर किया गया। शहर के अजमेरी गेट, चांग गेट, ब्रह्मानन्द मार्ग, भानभियान होद, महावीर बाजार में विभिन्न सब्जी एवं फल विक्रेता को केनोपी प्रदान की गई। पदम बिनायकिया एवं कमल पगारिया ने बताया कि संस्था द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण भी किया गया। संस्था ने 108 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ हैं। संस्था द्वारा ब्रह्मानन्द मार्ग स्थित गणेश वाटिका में कार्यक्रम आयोजित कर ध्वज वन्दन एवं संस्था से जुड़े नए सदस्यों के शपथ दिलाने का कार्यक्रम भी रखा गया। संस्था अध्यक्ष अशोक पालडेचा ने बताया कि रॉयल ब्यावर द्वारा आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों की ड्राइंग संस्था द्वारा अपेक्स कार्यालय भेजी गई थी। उसमें से अंजना खत्री की ड्राइंग किड्स वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान एवं रुचिका बुरड़ की ड्राइंग को राष्ट्रीय स्तर पर सांत्वना स्थान प्राप्त किया। यह प्रतिभागियों एवं संस्था सदस्यों के लिए अत्यंत हर्ष की बात हैं। इस अवसर पर अशोक पालडेचा, रूपेश कोठारी, अभिषेक नाहटा, योगेंद्र मेहता, दिलीप दक, रोहित मुथा, सुरेंद्र रांका, तेजेस डूंगरवाल , रूपचंद नाहर, नरेन्द्र सुराणा, राहुल बाबेल, प्रदीप मकाना, अमित बाबेल, पुष्पेन्द्र चौधरी, जितेन्द्र धारीवाल, नवलेश बुरड़ आदि सदस्य उपस्थित थे।

# देश की स्वतंत्रता का बहुमान करें: आचार्य विनिश्चयसागर



**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

भिण्ड । देश तो स्वतंत्र छियत्तर साल पहले हो चुका था, लेकिन आप आज तक स्वतंत्र नहीं हो सके। गुलामी अंग्रेजों की थी सो वो तो बाहर थे और छोड़कर चले गए, लेकिन असली शत्रु तो हमारे भीतर हैं । जिनके हम गुलाम हैं, हम अपनी ही बुरी आदतों के गुलाम हैं। हम निन्दा करना नहीं छोड़ पाते, हम दूसरों को गिराना नहीं छोड़ पाते, वास्तविक स्वतंत्रता तो हमारी तब होगी जब हम अपने इंद्रिय विषयों और बुरे विचारों से मुक्त हो जाएंगे । तब हमारे देश और समाज की स्वतंत्रता का बहुमान सिद्ध होगा। उक्त विचार बाक्केशरी आचार्य श्री विनिश्चय सागर महाराज ने कीर्ति स्तंभ जैन मंदिर भिण्ड में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यक्त किए। आचार्य श्री ने कापोत लेश्या के संदर्भ में समझाते हुए कहाकि कापोत यानिकि कबूतर जैसा वर्ण, कबूतर जैसी प्रवृति । अगर आपको तोता पालना है तो आपको पिजड़ा खरीदना पड़ेगा, उसके खाने के लिए फल आदि की व्यवस्था करनी होगी । लेकिन कबूतर पालने के लिए आपको कुछ नहीं करना पड़ेगा । क्योंकि कबूतर को जहां भी रहने की आदत पड़ जाती है, वह वहां से भटकता नहीं हैं। सारे दिन वह दूर दूर तक उड़ता रहता है, अपना भरण पोषण करता है और शाम को अपने उसी स्थान पर स्वतः वापिस आ जाता है । यदि कबूतर को कुछ खाने पीने को भी न दो तो वह कुछ भी खाकर अपना पेट भर लेता है । कापोत लेश्या बाला मायाचारी से भरा रहता है । भी दिखता कुछ और है, होता कुछ और है । रावण की हजारों रानियां होते हुए भी वह सीता के लिए ऊपर से दिखाबटी रूप में साधू बन गया और अंदर से राक्षस ही बना रहा । ये कापोत लेष्या वाली प्रवृति है ।

# आजादी का जश्न, एंबीशन के संग




## एंबीशन किड्स एकेडमी में स्वाधीनता दिवस मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** देश की स्वतंत्रता के 76 वर्ष पूर्ण होने पर एंबीशन किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा 77 वां स्वाधीनता दिवस मनाया ।स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को एक अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया । कार्यक्रम संचालिका सुनीता गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों का रूप धारण कर उनके व्यक्तित्व का विश्लेषण किया तथा उन्होंने हमारे देश की आजादी के लिए क्या योगदान दिया , इसका विस्तृत सजीव प्रस्तुतीकरण किया ।इनमें झांसी की रानी - लक्ष्मीबाई , एनी बेसेंट , इंदिरा गांधी , जवाहरलाल नेहरू,वल्लभ भाई पटेल , डॉ राजेंद्र प्रसाद , रविंद्र नाथ टैगोर , सरोजिनी नायडू , महात्मा गांधी , विवेकानन्द शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद , सुभाष चंद्र बोस आदि के व्यक्तित्व का वर्णन कर इन स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि प्रेषित की । इसके अतिरिक्त प्रतिभा पाटिल ,डॉक्टर अब्दुल कलाम , कल्पना चावला के व्यक्तित्व के बारे में भी प्रस्तुति दी । इसके पश्चात स्वतंत्रता दिवस समारोह के दूसरे चरण में एम्बीशन किड्स ने विभिन्न फिल्मी गीतों पर प्रस्तुति दी - जिसमें देश रंगीला -रंगीला, ऐ मेरे वतन के लोगों , जरा ऑख में भर लो पानी , सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा, अपनी आजादी को हम इत्यादि गीत शामिल थे। इससे पूर्व एम्बीशन किड्स में ध्वजारोहण-संस्था के चेयरमेन-अर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ होम्योपैथ डॉ. एम एल जैन 'मणि' एवं डॉ. शान्ति जैन ''मणि'' के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. 'मणि' ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के वर्षों के संघर्ष के बाद हमने आजादी हासिल की थी तथा आज एंबीशन किड्स के विद्यार्थियों ने उनके व्यक्तित्व का संजीव प्रस्तुतीकरण करके हम सबको भाव विभोर कर दिया है। मैं सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि एंबीशन किड्स में लगातार दूसरे वर्ष हमारे यहां के विद्यार्थी ने बोर्ड परीक्षा में सभी विषयों में 'ए ग्रेड' प्राप्त कर विद्यालय तथा अपने परिवार का नाम रोशन किया है ।इसी खुशी में एम्बीशन परिवार द्वारा पारितोषित रूप में छात्र युगांक शर्मा को नकद राशि प्रदान की गई ।अन्ततः उन्होंने सभी बच्चों को मोटिवेट किया ।इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या डॉ अलका जैन ने बच्चों को उपहार दिए एवं संस्था निदेशक डां मनीष जैन ने लड्डू वितरित किये और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की ।



# जैन पाठशालाओ का पहला सामूहिक समारोह में आचार्य विद्यासागर पाठशाला दुर्गापुरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 15 अगस्त को अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान की तजैन पाठशालाओ का पहला सामूहिक समारोहरफ से श्रमण अमृत महोत्सव 2023 मानसरोवर के आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनी श्री सवार्नंद महाराज के सानिध्य में राजस्थान की जैन पाठशालाओ का पहला सामूहिक समारोह हुआ। आचार्य विद्यासागर पाठशाला दुगार्पुर की संयोजक श्रीमती चंदा सेठी ने बताया 25 पाठशाला के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह में दुर्गापुरा पाठशाला के विद्यार्थियों ने नृत्य नाटिका अनेकता में एकता की भव्य प्रस्तुति दी ,उन्हे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। श्रीमति वंदना जैन, शालिनी बाकलीवाल, विनीता बोहरा की समारोह में निर्णायक के रूप में गौरवमय उपस्थिति रही। समारोह की विशिष्ट अतिथि श्रीमति शीला एवम मुख्य अतिथि प्रमोद नंद किशोर पहाडीया थे। नाटक मंचन इति काला एवम छवि पांड्या ने किया। मुख्य संयोजक राजेंद्र काला एवम रिंकू सेठी थे। अवीका जैन, निवन जैन, मानवी जैन, अदिति जैन, निर्वांन जैन, वीहान जैन , दिवयन्सि जैन, अविशा जैन आदि ने भव्य प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

# इस देश के वीर शहीदों की याद तिरंगा दिलाता है

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के खास अवसर पर लेकसिटी के कलाकारों ने अंबामाता स्थित टखमण आर्ट सेंटर पर झंडा फहरा कर वीर शहीदों को नमन किया। समन्वयक संदीप पालीवाल ने बताया कि इस मुबारक मौके पर मुख्य अतिथि ख्यात व्यवसाई निकुंज शानूश्री राजगरिया और इंटीरियर डिजाइनर सौम्या लूथरा ने कला प्रांगण में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। इस दौरान वरिष्ठ कलाकार एलएल वर्मा ने स्वतंत्रता आंदोलन में भागीदार तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि देते कहा कि आज हर एक देशवासी उनकी कुर्बानियों की बदौलत आजाद भारत में चैन की सांस ले रहा है। बाद में बसंत कश्यप ने आजादी आंदोलन में मेवाड़ की भूमिका को रेखांकित किया। इस मौके पर सुभाष मेहता, जुगल शर्मा, ललित शर्मा, दिनेश उपाध्याय, नसीम अहमद, सीपी चौधरी, पुष्पकान्त, हर्ष छाजेड़, सचिन दाधीच छोटूलाल, जयेश सिकलिगर, सुमित शर्मा, मांगीलाल सहित अन्य कई कलाप्रेमी उपस्थित थे।

**रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**



# 'आई. स्टार्ट हैकथॉन-2023' एवं 'कवच-2023 में गिट्स विद्यार्थियों का जलवा

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर (गिट्स) के मेधावी विद्यार्थियों ने भारत सरकार द्वारा आयोजित साईबर सुरक्षा हैकथॉन कवच- 2023 एवं राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित आई. स्टार्ट हैकथॉन-2023 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड़ ने बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि हैकथॉन भारत सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा आयोजित एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो दैनिक जीवन की समस्याओं के साथ-साथ सरकारी व गैर सरकारी तंत्र के समस्याओं का नवाचार के माध्यम से सस्ता एवं सुलभ समाधान प्रदान करता है। इसी के तहत राजस्थान सरकार द्वारा संचालित आई. स्टार्ट आइडियाथॉन सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर में आयोजित किया गया जिसमें सम्भाग के प्रमुख महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की भागीदारी में गिट्स छात्र हर्षित बोराना, चार्वी बापना, पार्थ शर्मा, शिवम-मिश्रा और नितिन पुरोहित ने अपने नवाचार आइडिया के माध्यम से 50 हजार का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने दावा किया कि छात्रों द्वारा बनाया गया यह प्रोजेक्ट उदयपुर की झीलों में जलकुम्भी एवं प्लास्टिक कचरे की सफाई कम से कम लागत में करेगा। इसी तरह, भारत सरकार के अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो तथा भारतीय साईबर अपराध समन्वय ग्रेड के संयुक्त तत्वाधान में ग्रेटर नोयडा स्थित इन्जिनियरिंग कॉलेज जी.एल. बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेंट में 'कवच 2023' साईबर सुरक्षा हैकथॉन में पश्चिमी बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पंजाब व राजस्थान आदि प्रदेशों की टीमों ने भागीदारी निभाई। जिसमें गिट्स के रिषभ डांगी, मयंक पालीवाल, सुजल सोनी, विशाल सिंह, शालीनी जोशी एवं दिव्यांशी श्रीमाली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1 लाख 20 हजार का पुरस्कार प्राप्त किया। इसी स्पर्धा में विद्यार्थी कुशल शर्मा, आदित्य कुमार, जानवी कुमावत, भव्यराज सिंह, मुग्ध माथुर एवं रिंकु कुमार राव ने पुलिस ट्रेसिंग डिवाईस बनाकर द्वितीय स्थान पाया। बता दें, यह प्रोजेक्ट पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान उनको ट्रेस करने में मदद करेगा। सभी विद्यार्थियों की अपूर्व सफलता पर वित्त नियंत्रक बी.एल. जांगिड सहित पूरे गिट्स परिवार ने बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।




**रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

## श्री जे डी जैन इंग्लिश मीडियम स्कूल मे उत्साह पूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

पलटन गेट स्थित श्री जे. डी. जैन इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह परम्परागत रुप से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप-सिम्पल गंगवाल कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक-ममता, किरण झांझरी, विशिष्ट अतिथि अशोक जैन रुडिप व अशोक बज, विद्यालय के अध्यक्ष कमल कुमार पहाड़िया, उपाध्यक्ष लालचन्द पहाड़िया, सचिव संतोष कुमार पहाड़िया के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मार्चपास्ट की सलामी ली गई। विद्यार्थियों ने पी.टी., डम्बल, पिरामिड, लेजियम, देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापिका श्रीमती शशी सोनी ने विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन मयंक जैन एवं चेतन भट्ट ने किया।




# देश रंगीला रंगीला: जैन सोशल ग्रुप अरिहंत द्वारा भव्य आयोजन







**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप अरिहंत के द्वारा दिनांक 15 अगस्त 2023 मंगलवार स्वतंत्रता दिवस पर अरिहंत ग्रुप के पर्ल हाउस द्वारा इंद्रलोक सभागार भट्टारक जी की नसिया में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई , सर्वप्रथम स्वाधीनता दिवस पर झंडारोहणकर्ता फेडरेशन के संयुक्त सचिव डॉ राजीव जैन रहे, ध्वज के समक्ष राष्ट्रगान गाया गया इसके पश्चात अरिहंत ग्रुप द्वारा ग्राउंड में तिरंगे के साथ पैदल मार्च किया गया ।शाम को दीप प्रज्ज्वलन एवं पर्ल हाउस की महिलाओं द्वारा मंगलाचरण के साथ में कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वॉइस ऑफ जेएसजी सेमीफाइनल जैन सोशल ग्रुप अरिहंत एवं जैन सोशल ग्रुप जनक द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित किया गया इसके मुख्य समन्वयक डॉ राजीव जैन एवं मुख्य संयोजक पवन जैन पांड्या व सुदेश गोदीका रहे संपूर्ण कार्यक्रम अरिहंत ग्रुप के अध्यक्ष राजकुमार -पायल सोगानी की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि कुलराज मीणा ,आर ए एस एम डी जयपुर डेयरी, नॉर्दर्न रीजन के संस्थापक राकेश जैन फेडरेशन चेयरमैन महेंद्र सिंघवी सचिव सिद्धार्थ जैन,इलेक्ट चेयरमैन एवं संस्थापक अध्यक्ष जेएसजी अरिहंत के राजीव पाटनी एवं सभी पदाधिकारी , राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन, महामंत्री मनीष वैद, राजस्थान जैन युवा महासभा के अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री विनोद कोटखावदा एवं कई ग्रुप्स के अध्यक्ष मंत्री एव प्रतियोगियों के परिवार जन उपस्थित रहे। जैन सोशल ग्रुप अरिहंत के सचिव कमलेश चांदवाड कार्यक्रम की सफलता के लिए कोऑर्डिनेटर टीम पर्ल हाउस और संपूर्ण कार्यकारिणी कार्यकारिणी सदस्य एवं उपस्थिति रहे सभी दंपत्ति सदस्यों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# कविता कैंसर केयर सेंटर जयपुर में बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

## कैपिटल ग्रुप अध्यक्ष अनिल रावका ने जन्मदिन पर बच्चो को बांटे गिफ्ट व मिठाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल, जयपुर द्वारा जैन सोश्यल ग्रुप इंट. ₹फेडरेशन के आश्रय सेवा सप्ताह₹ वस्वतंत्रता दिवस पर कविता कैंसर केयर सेंटर श्योपुर, प्रताप नगर, टोंक रोड जयपुर पर कैंसर पीड़ित बच्चों के साथ मनाया। देश की आजादी के अमृत महोत्सव का 77 वां स्वतंत्रता दिवस जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल जयपुर द्वारा सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को मिठाईयां व फल फ्रूट वितरित कर सेलिब्रेट किया गया ।इस अवसर पर उन्हें बिस्किट व मास्क भी भेंट किये गए । समारोह में मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार - राजमती रावका ( ग्रुप अध्यक्ष अनिल प्रेमा रावंका के माता पिता ) ने झंडारोहण किया। कार्यक्रम मे ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष सुभाष-शकुंतला पांडया,नॉर्दन रीजन उपाध्यक्ष नरेश-आशा रावंका,पूर्व अध्यक्ष सुधीर गंगवाल,नवीन जैन उपाध्यक्ष राजेंद्र पांडया,सचिव प्रमोद-सुनीता जैन,कोषाध्यक्ष डॉ.मनीष जैन, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र सुनीता काला,सुधीर अलका गोधा, लोकेश निधि पांडया,शान्ति बीना पाटनी, राज कुमार संतोष काला,सुशील प्रियंका जैन, राज कुमार स्नेह लता जैन,विनोद जैन व ग्रुप सदस्य प्रेम चंद लक्ष्मी सौगानी, राकेश शर्मिला पापडीवाल, विद्या कासलीवाल, संजय बैनाड़ा व ग्रुप सदस्यों के परिजनो व बच्चों ने उपस्थित होकर कैंसर केयर सेंटर के संचालक सदस्यो, अन्य स्थानीय गणमान्य नागरिकों एवं सेंटर मे वासितो के साथ मिलकर राष्ट्रीय गीत गाया गया एवं देश भक्ति तराने गाकर सम्पूर्ण माहौल को देश भक्ती मय कर दिया। इस अवसर पर समाचार पत्र शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका समाज सेवी देवेन्द्र जैन निमोडिया, चेतन जैन निमोडिया व राकेश संघी ने भी अपनी गौरवमयी उपस्थिति दी ।



# दया दृष्टि फाउंडेशन द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दया दृष्टि फाउंडेशन तथा उनकी सहयोगी एनजीओ संस्थाओं व सहयोगी स्कूल के बच्चों और टीचर्स ने वार्ड 64 ग्रेटर के पार्षद राजू अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा रैली में भाग लेकर प्रमुख सहभागिता निभाई। जयपुर में तिरंगा रैली का इतना विशाल आयोजन प्रथम बार किया गया जिसका उत्साह सभी बच्चे बड़ों में देखते ही बनता था । दया दृष्टि टीम से शिखा शर्मा ,अलका चौधरी , पूनम खंगारोत, प्रतिभा शर्मा व निशा बंसल तथा संगम सामाजिक विकास संस्थान से हरेंद्र सिंह एवं ममता बेनीवाल, हर्षा, पलक तथा प्रत्येक व्यक्ति की उम्मीद का संस्थान से रजनी खड़ोलिया, मनु खड़ोलिया तथा स्पेशल एबल्ड बच्चों तथा रेज एनजीओ से रश्मि कुचछल जी के बच्चों ने भी तिरंगा रैली में सक्रिय भाग लिया । वशिष्ठ इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर रजनी वशिष्ठ व संस्कार निकेतन स्कूल से शुभम गोयल एवं दीप्ति गोयल ने भी स्कूल टीचर्स व बच्चों के साथ तिरंगा रैली में भाग लेकर आयोजन की सराहना की।

# फागी में आर्यिका श्रुतमती माताजी का 76वाँ जन्मदिवस मनाया



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे के पार्श्वनाथ जैन मंदिर में आर्यिका श्रुतमति माताजी आर्यिका सुबोधमति माताजी धर्म की भव्य प्रवाहना बढा रही है, जैन महासभा के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि आचार्य 108 श्री धर्म सागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या परम पूज्य आर्यिका 105 श्री श्रुतमति माताजी का 15 अगस्त 2023 को 76वाँ जन्मोत्सव पूज्या आर्यिका 105 श्री सुबोध मति माताजी सानिध्य मे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अनिल जैन कठमाणा ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ उस दिन कोलकाता में पुज्या आर्यिका श्रुत मति माताजी का जन्म हुआ था। जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रातः काल 6:00 बजे से ही श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर अग्रवाल सेवा सदन में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसके अंतर्गत कार्यक्रम में श्री आदिनाथ भगवान का भव्य पंचामृत अभिषेक एवं शांति धारा की गई उसके पश्चात सूरजमल जी बाबा जी द्वारा रचित श्री णमोकार पैतीसी मंडल विधान पूजन प्रारंभ हुआ जिसमें 76 श्रद्धालुओं ने विधानमंडल पर 177 श्रीफलों के अर्घ्य चढ़ाये।

# श्री शान्तिवीर जैन गुरुकुल स्कूल जोबनेर में आजादी के अमृत महोत्सव पर 77' वां स्वंत्रता दिवस मनाया हर्षोल्लास से





## मुख्य अतिथि अनिल कुमार, नितिन कुमार, विपिन कुमार, पांड्या बनेठा वालों ने किया झंडारोहण

**जोबनेर. शाबाश इंडिया**

श्री शान्तिवीर जैन गुरुकुल स्कूल जोबनेर में 15 अगस्त 2023 को 77' वां स्वंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिलकुमार,नितिन कुमार, विपिनकुमार जैन बनेठा जयपुर वालों ने झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जैन महासभा के राजाबाबु गोधा ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए बताया कि इससे पूर्व पूर्वी जैन एवं ग्रुप द्वारा नवकार मंत्र की प्रस्तुतियां दी गई, कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गानों पर डांस की प्रस्तुतियां दी गई, कक्षा पांच की बालिका ने इंग्लिश में स्वाधीनता दिवस पर शानदार स्पीच प्रस्तुत की। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष मदनलाल बड़जात्याएवं कमेटी द्वारा सभी अतिथियों का तिलक, माला, साफा दुपट्टे से सम्मान किया एवं विधालय की गति प्रगति एवं भावी योजनाओं के बारे में बताया। विधालय के संयोजक मिक्की बडजात्या ने अवगत कराया कि बाहर से पधारे अतिथियों में राजेश शाह, धर्मचंद लुहाडिया, संजय शाह, राकेश पाटनी, राजेन्द्र गोधा, डा प्रकाश सेठी, नरेश बड़जात्या,राजेश ठोलिया,आदि ने संस्था के विकाश एवं बच्चो की शिक्षा व्यवस्थाओं पर अपने अमूल्य सुझाव दिए एवं सहयोग प्रदान किया। संयोजक मिक्की बड़जात्या ने बताया कि इस वर्ष वृहद स्तर पर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें जोबनेर एवं जोबनेर के बाहर से भी अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में जोबनेर नगरपालिका अध्यक्ष मंजू सिंघी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कल्याणमल कुमावत, नोरतन ओसवाल, सुरेंद्र सिंघी, गोविंद अग्रवाल,मोदीअग्रवाल, विजय बड़जात्या, मुकेश ठोलिया, महेश बड़जात्या, सुमेर ठोलियां, नीलेश बड़जात्या, सुनीता पाटनी, हिंगोनिया से प्रकाश रावकां फुलेरा से नितेश रावकां, अध्यक्ष मदनलाल जैन, मंत्री महेंद्र गंगवाल, उपाध्यक्ष रमेश बड़जात्या, उप मंत्री अमित छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मनीष सेठी, विनोद बड़जात्या, प्रधानाचार्य हिमांशु भातरा,तथा फागी से राजाबाबु गोधा आदि की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्था के प्रिंसिपल हिमांशु भारद्वाज एवं पूजा सोनी द्वारा किया गया कार्यक्रम में बच्चो, अभिभावकों एवं ग्राम वासियों की विशेष उपस्थिति रही । कार्यक्रम पश्चात वासल्य भोजन एवं बच्चो को मिठाई वितरण डॉ प्रकाश सेठी ,अनिल सेठी परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अनिल कुमार पांड्या एवं राजाबाबु गोधा ने भी आजादी के अमृत महोत्सव पर देश भक्ति के बारे में बच्चों को सम्बोधित किया।उक्त कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी,भामाशाह अनिल कुमार पांड्या बनेठा वालों को शान्तिवीर जैन गुरुकुल विधालय का संरक्षक बनाया गया। उक्त खुशी में अनिल कुमार बनेठा वालों ने विधालय को विशेष आर्थिक सहयोग देकर पुण्यार्जन प्राप्त किया।

## पुष्कर के वाइल्ड रोज रिसोट में स्वाधीनता दिवस मनाया



**अजमेर पुष्कर. शाबाश इंडिया।** तिलोरा गांव स्थित वाइल्ड रोज रिसोट में अपने यहां आए हुए गेस्टो के साथ रिसॉट मे देश का 77वा स्वाधीनता दिवस मनाया पूरे कार्यक्रम का आयोजन रिजॉर्ट स्टाफ की ओर से महेंद्र सिंह राठौड़, चीफ शेफ अरुण चोहान,अर्जुन राजावत रिसोर्ट में आये सभी मेहमानों का स्वागत किया । रिसॉर्ट में ठहरे सभी मेहमान ने कार्यक्रम में भाग लिया और झंडा रोहण जयपुर, नोएडा, दिल्ली से रिसोर्ट में आए हुए अतिथियों ने किया। बच्चो ने कविता,ओर देशभक्ति गीत के माध्यम से शानदार प्रोग्राम प्रस्तुत किए। रिसोट स्टाफ की और से बच्चों को मिठाई और चोकलेट का वितरण किया । कार्यक्रम का संचालन रिजॉट में रुके हुए जे के जे परिवार ग्रुप की ओर से समाचार जगत के चक्रेश जैन ने किया। अंत में रिसोट मैनेजर महेंद्र सिंह राठौड़ ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया

## 77वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय हाज्यावाला कल्याणपुरा सांगानेर, जयपुर में 77वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद टाटीवाल अध्यक्ष जेके फाउण्डेशन, विशिष्ठ अथिति एडवोकेट ममता, एडवोकेट सीता, पूर्व एस.एम.सी. अध्यक्ष हंसराज बैरवा, एस.एम.सी. अध्यक्ष ज्योति, श्योजीराम बेनीवाल रहे। अथितियों का संस्था प्रधान डॉ. सुमन विष्ट व उमा गुर्जर द्वारा संस्था का बैच लगाकर व मोमेन्टो भेंट कर स्वागत किया गया। मंच संचालन अंजती बुनकर ने किया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कहानी नाटक एवं नृत्य कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को कॉपी व पेन देकर सम्मानित किया गया।